www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 288 || अम्बेडकरनगर
मंगलवार
13 जनवरी 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 06:57
सूर्यास्त: 05:33
अधिकतम: 16:00
न्यूनतम: 08:00



पेज 07

विशेष समाचार | ट्रम्प की लाठी, ट्रम्प की भैंस ... >> पेज 04 | सरकार देश में नफरत बांट रही ... >> पेज 06 | फिल्म हक देखकर यामी गौतम की ...



# लखनऊ बनेगा एआई सिटी : योगी

## जितिन प्रसाद ने कहा- एआई के क्षेत्र में यूपी सबसे आगे रहेगा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। सीएम योगी ने कहा है कि लखनऊ AI सिटी के रूप में विकसित होगा। AI हमारे लिए सुविधा है। वह हमारे कामों को आसान बनाएगा। हमें नई ऊंचाई देगा। बस यह ध्यान रखना होगा कि हम उसका उपयोग करें, वह हमारा उपयोग न करे। तकनीक के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश उभरा है। हम स्वास्थ्य के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि खेती-किसानी में भी AI का उपयोग शुरू कर चुके हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)



### प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज और दो एम्स संचालित हैं- सीएम

उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले केवल 40 मेडिकल कॉलेज थे। आज 81 हो चुके हैं। कोविड-19 से पहले कई जिलों में आईसीयू की सुविधाएं नहीं थीं। ऑक्सीजन प्लांट, डायलिसिस, ब्लड बैंक और डिजिटल डायग्नोस्टिक सुविधाओं का अभाव था।

### सीएम योगी बोले- एआई हमारे कामों को आसान बनाएगा

● आज हमारे पास सभी जनपदों में स्वास्थ सेवाएं मौजूद हैं। प्रदेश में हमने नए कदम उठाए। हमारे पास तकनीक न होती तो इन्फ्रास्ट्रक्चर से जो मौतें हुआ करती थीं तो हम इनको रोक ना पाते। प्रदेश के अंदर बड़े बदलाव हुए हैं। मेरा मानना है कि AI का इस्तेमाल हम सबको बेहतर कार्यों में करना चाहिए।

● आज स्वास्थ सेवाओं में इसका इस्तेमाल करना शुरू कर रहे हैं, यह बड़ी बात है। बेहतर एजुकेशन में हम इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। अगर हम बेहतरीन AI टूल का इस्तेमाल करके डेटा को सुरक्षित करें तो हम बहुत तेजी से आगे काम कर सकेंगे। यह डबल इंजन सरकार तेजी से बढ़ रही है।

● उत्तर प्रदेश के अंदर टाटा टेक्नोलॉजी बड़ा काम कर रही है। आज डबल इंजन की सरकार के कारण उत्तर प्रदेश विकास के रास्ते पर बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने तय किया है कि यूपी AI मशीन को अगले 3 वर्ष में आगे बढ़ाने का काम करेंगे। AI हमारे लिए सुविधा और हमारे कामों को आसान बनाएगा।



"सीएम ने आगे कहा कि 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमने देश में तकनीक के प्रभाव को जमीनी धरातल पर मूर्त रूप लेते देखा है। आठ वर्षों से यूपी की डबल इंजन सरकार ने आधुनिक तकनीक के माध्यम से शासन के विजन, नीतियों और वेलफेयर योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने में सफलता हासिल की है। छापेमारी में 2017 से पहले गरीब लोगों के नाम से बनाए गए 30 लाख फर्जी राशन कार्ड बरामद किए। इसके बाद पात्र व्यक्तियों तक योजना का लाभ पहुंचाया।"

### एआई और टेक्नोलॉजी उत्तर प्रदेश से शुरू हो : ब्रजेश पाठक

भारत सरकार और टेक्नोलॉजी मिनिस्ट्री को धन्यवाद देता हूं। इस कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्रीजी को धन्यवाद जो इस कार्यक्रम में शामिल हुए। 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा सुधार आया। चिकित्सालय बेहतर नहीं चल रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्रीजी के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश में स्वास्थ सेवाओं में बड़ा बदलाव आया है। बड़ी संख्या में मेडिकल कॉलेज खुले। बड़ी संख्या में एमबीबीएस छात्र डाक्टर बने। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं आज कामयाबी के रास्ते पर हैं। पीजीआई को बेहतर बनाने के लिए हम कई काम कर रहे हैं। सबको पीजीआई,लोहिया, मेडिकल कॉलेज ना आना पड़े इसके लिए हम अन्य मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में तेजी से काम कर रहे हैं।



### सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा-

» 2017 में हमारी सरकार बनी तो जनता की सबसे ज्यादा समस्या राशन की थी। लोग कहते थे कि राशन नहीं मिल पा रहा है। हम भी असमंजस में रहते थे कि क्या होगा और क्या करना चाहिए। हमने कार्य करना शुरू किया तो पता चला कि राशन चोरी हो रहा है।

» हमने सभी अधिकारियों को बुलाकर इसके जांच के लिए टीम बनाई तो कि 30 लाख फर्जी राशनकार्ड मिले। जिनको जरूरत थी उन तक राशन नहीं मिल पा रहा था।

# पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस के दो केस मिले

नई दिल्ली, कोलकाता। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को बताया कि पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस के दो केस सामने आए हैं। मंत्री ने बताया कि पश्चिम बंगाल को मदद देने और बीमारी को फैलने से रोकने के लिए, हमने तुरंत एक नेशनल जॉइंट आउटब्रेक रिस्पॉन्स टीम बनाई है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बात की है। उनसे कहा कि वे अपनी एक्सपर्ट्स की टीम को केंद्र सरकार की टीम के साथ मिलकर काम करने निर्देश दें। नड्डा ने कहा कि 11 जनवरी को इन मामलों की जानकारी मिलने पर, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और स्वास्थ्य प्रधान सचिव के साथ स्थिति पर चर्चा की। पश्चिम बंगाल को हर मदद देने का भरोसा दिया है।

# 5 आईएएस अपर मुख्य सचिव पद पर प्रमोट हुए

## संजय प्रसाद समेत इन अधिकारियों का नाम शामिल

प्रमोशन

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में लगातार लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और जिम्मेदार अधिकारियों को नई-नई जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। इसके साथ ही अधिकारियों को समय-समय पर प्रमोशन का लाभ भी मिल रहा है। इसी क्रम में सोमवार का दिन यूपी की ब्यूरोक्रेसी के लिए बेहद अहम रहा है। कई आईएएस अधिकारियों को प्रमोशन का लाभ मिल गया है। इस लिस्ट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बेहद करीबी माने जाने वाले आईएएस संजय प्रसाद का नाम भी शामिल है। दरअसल 5 आईएएस अधिकारियों को पद का प्रमोशन का लाभ मिला है। इसमें डॉ. आशीष कुमार गोयल, संजय प्रसाद, अमृत अभिजात, आर रमेश कुमार और मुकेश कुमार मेश्राम का नाम शामिल है। प्रमोशन पाने वाले सभी आईएएस अधिकारी 1995 बैच के यूपी कैडर के आईएएस है। इन सभी आईएएस अधिकारियों को प्रमुख सचिव से अपर मुख्य सचिव के पद पर प्रमोट कर दिया गया है।



>> (शेष पेज 06 पर)

# वाराणसी की दालमंडी में 2 मकानों पर बुलडोजर एक्शन

## गली की बैरिकेडिंग कर 8 घंटे तक 200 पुलिस वाले तैनात रहे

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी के दालमंडी में बुलडोजर एक्शन शाम पांच बजे थम गया है। तोड़े गए मकानों के मलबों को सुबह 9 बजे से बुलडोजर से हटाया गया। विरोध को देखते हुए पूरी गली में बैरिकेडिंग की गई। करीब 200 पुलिसकर्मी तैनात रहे। इसके बाद नई सड़क कपड़ा मार्केट की ओर बुलडोजर पहुंचा। करीब 8 घंटे तक एक्शन चला। दो मकान को तोड़ा गया। आगे का एक्शन कल होगा। यहां मकान मालिक अदनान ने कहा- चाहे जो हो हम घर खाली नहीं करेंगे। चाहें तो हमारे ऊपर ही मकान गिरा दें। हालांकि बाद में उन्होंने खुद हथौड़े से अपना मकान तोड़ना शुरू किया। कहा- मैंने घर बनाया है तो मैं ही तोड़ूंगा। ये लोग कह रहे हैं कि इस मकान का नक्शा पास नहीं है। दालमंडी के 8 मकानों पर हथौड़ा चल चुका है। शाम पांच बजे बुलडोजर एक्शन रुक गया है। वाराणसी नगर निगम ने 187 मकानों को ढहाने के लिए चिह्नित किया है। इनके मालिकों को करीब 191 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाना है। इनमें 14 दुकानदारों ने मुआवजा लेने के बाद ध्वस्तीकरण की मंजूरी लिखित में दी है। सबसे पहले इनके ही मकान-दुकान गिराए जा रहे। अब तक 2 ही मकान गिराए गए थे। दालमंडी को अंग्रेज 'डॉलमंडी' कहते थे। बॉलीवुड अभिनेत्री नरगिस की मां और एक्टर संजय दत्त की नानी जद्दनबाई यहीं से थीं।



>> (शेष पेज 06 पर)

## फास्ट न्यूज

### रायसीना हिल्स के पास नया पीएम ऑफिस तैयार

नई दिल्ली। दिल्ली के रायसीना हिल्स के पास देश के प्रधानमंत्री का नया ऑफिस लगभग तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत तक नए ऑफिस से काम शुरू कर सकते हैं। सूत्रों ने को बताया कि PMO का काम लगभग पूरा हो चुका है। फाइनल फिनिशिंग जारी है।

### बच्चों पर बोझ ना पड़े इसलिए खोदी अपनी कब्र

हैदराबाद। तेलंगाना के लक्ष्मीपुरम गांव के रहने वाले नक्का इंद्रय्या की 80 साल की उम्र में 11 जनवरी को मौत हो गई। उनकी आखिरी इच्छा के अनुसार उन्हें उसी कब्र में दफनाया गया जिसे उन्होंने खुद बनाया था। उनका कहना था कि दुख के समय उनके बच्चों को कोई बोझ न उठाना पड़े इसलिए ऐसा किया। इंद्रय्या ने इसे आखिरी आरामगाह नाम दिया था और पत्नी की कब्र के बगल में कब्र को बनाया था। न्यूज एजेंसी PTI से उनके भाई ने कहा- उन्होंने अपनी कब्र खुद बनाई और गांव में एक चर्च भी बनाया।

### हिमाचल के सोलन में भीषण आग

अर्की। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के अर्की बाजार में रविवार आधी रात भीषण आग भड़की। इस हादसे में आठ साल के एक बच्चे की जिंदा जलकर मौत हो गई। SDM निशांत तोमर ने बताया कि कुछ के क्षत-विक्षत हालत में शरीर के अंग जैसे हाथ-टांगे इत्यादि मिल रहे हैं। SDM ने बताया कि दो परिवारों के करीब 9 लोगों के लापता होने की सूचना है।

# भारत से जरूरी कोई देश नहीं : सर्जियो गोर

## मोदी-ट्रम्प सच्चे दोस्त, दोनों मतभेद सुलझाने में सक्षम

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को नई दिल्ली में पदभार संभाला। उन्होंने कहा कि अमेरिका के लिए भारत से ज्यादा जरूरी कोई देश नहीं है। दोनों देशों में ट्रेड डील को लेकर कल फोन पर बात होने वाली है। अमेरिकी राजदूत ने राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी की दोस्ती को असली बताया। उन्होंने कहा कि सच्चे दोस्त असहमत हो सकते हैं, लेकिन अंत में हमेशा अपने मतभेदों को सुलझा लेते हैं। अपने पहले संबोधन की शुरुआत गोर ने 'नमस्ते' के साथ की और कहा कि भारत में अमेरिकी राजदूत होना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने भारत को एक असाधारण राष्ट्र बताया और यहां काम करने को सम्मान की बात कहा। गोर ने कहा, अमेरिकी राजदूत ने कहा कि कई लोग उनसे ट्रेड डील पर अपडेट पूछ रहे थे। उन्होंने साफ किया कि दोनों पक्ष लगातार संपर्क में हैं और बातचीत आगे बढ़ रही है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश है, इसलिए यह प्रक्रिया आसान नहीं है।



>> (शेष पेज 06 पर)

# एक हफ्ते में 18 हजार वोट बढ़वाए : पंकज चौधरी

## लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष का मेगा रोड शो, कहा- कार्यकर्ताओं का जोश हाई

स्वागत

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ पहुंचे बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लाद दिया। डालीबाग स्टेट गेस्ट हाउस से पॉलिटेक्निक चौराहे तक करीब 7 किमी का रोड शो किया। सड़क के दोनों किनारे हाथ में तख्तियां लेकर खड़े कार्यकर्ताओं ने फूल बरसाए। जगह-जगह उनके स्वागत के लिए मंच बनाए गए थे। चौधरी के स्वागत में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जमकर नारे लगाते रहे। पंकज चौधरी ने कहा- कार्यकर्ताओं का जोश हाई है। केंद्र और राज्य सरकार ने इतना काम कराया है कि 2027 में हम ही आ रहे हैं। लखनऊ उत्तरी से विधायक नीरज बोरा ने SIR पर कहा- हमने अपने क्षेत्र में एक हफ्ते में 18 हजार वोट बढ़ाने का काम किया है। लखनऊ में रोड शो के बाद चौधरी का काफिला अयोध्या के लिए रवाना हो गया। वह अयोध्या में रामलला का दर्शन करेंगे इस दौरान संगठनात्मक एकजुटता और आगामी रणनीतियों को लेकर भी चर्चा होने की उम्मीद है। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।



### नीरज बोरा बोले- 1 हफ्ते में 18 हजार वोट बढ़वाए

लखनऊ उत्तरी के विधायक नीरज बोरा ने SIR में वोटर्स के नाम हटाने के सवाल पर कहा कि बढ़ भी रहे हैं। हमारे विधायकी क्षेत्र में हमने 1 हफ्ते में 18 हजार वोट बढ़वाने का काम किया है। उनके यह कहते ही पीछे से एक कार्यकर्ता बोला- इस बार ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे।

### लखनऊ के बीजेपी कार्यकर्ता अयोध्या दर्शन करने जाएंगे : विधायक

लखनऊ उत्तरी विधायक नीरज बोरा ने कहा- सौभाग्य की बात है कि आज लखनऊ के सभी बीजेपी कार्यकर्ता अयोध्या दर्शन करने जाएंगे। स्वागत कार्यक्रम और रोड शो के बाद प्रदेश अध्यक्ष के साथ पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अयोध्या दर्शन के लिए रवाना होंगे।



### सभी क्षेत्रों सभी कार्यकर्ताओं से मिलूंगा : पंकज

पंकज चौधरी ने कहा- सभी क्षेत्रों में जाकर सभी कार्यकर्ताओं से मिलूंगा। 2027 के यूपी चुनाव पर कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने इतना काम किया है कि कार्यकर्ताओं का जोश हाई है। डालीबाग स्टेट गेस्ट हाउस से पॉलिटेक्निक चौराहे तक की दूरी करीब 7 किलोमीटर है। इतने लंबे रोड शो में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के काफिले में 20 से ज्यादा फोरव्हीलर शामिल हैं।

**सुनवाई :** सीजेआई बोले- हम इसकी जांच करना चाहेंगे, याचिका में दावा- ऐसी इम्युनिटी जजों को भी नहीं

# चुनाव आयुक्तों को कानूनी इम्युनिटी, एससी का केंद्र को नोटिस

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयुक्तों को उनके कामों के लिए आजीवन कानूनी इम्युनिटी (सुरक्षा) देने वाले प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। CJI सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा, हम इसकी जांच करना चाहेंगे। हम नोटिस जारी कर रहे हैं। दरअसल, CEC और EC को इम्युनिटी देने के खिलाफ कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने याचिका लगाई है। इसमें कहा गया है कि CEC और EC (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 जवाबदेही के संवैधानिक सिद्धांत के खिलाफ है। EC का काम स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना है।



### नया कानून सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन

कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि धारा 7 और 8 स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के सिद्धांत का उल्लंघन है क्योंकि यह चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के लिए स्वतंत्र तंत्र (independent mechanism) प्रदान नहीं करता है। याचिका में यह कहा भी गया है कि यह कानून सुप्रीम कोर्ट के मार्च 2023 के फैसले को पलटने के लिए बनाया गया, जिसने CEC और EC को एकतरफा नियुक्त करने की केंद्र सरकार की शक्तियां छीन ली थीं।

चुनाव आयुक्त कितने हो सकते हैं, इसे लेकर संविधान में कोई संख्या तय नहीं की गई है। संविधान का अनुच्छेद 324 (2) कहता है कि चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त हो सकते हैं। यह राष्ट्रपति पर निर्भर करता है कि इनकी संख्या कितनी होगी। आजादी के बाद देश में चुनाव आयोग में सिर्फ एक चुनाव आयुक्त होता था।

# इसरो का पीएसएलवी-सी62 रॉकेट रास्ते से भटका, मिशन फेल

## तीसरी स्टेज में गड़बड़ी आई, अन्वेषा सहित 16 सैटेलाइट लेकर गया था

तमसा संकेत, एजेंसी

श्रीहरिकोटा। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (ISRO) का साल 2026 का पहला मिशन 'PSLV-C62' फेल हो गया है। रॉकेट 12 जनवरी को सुबह 10.18 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केंद्र से 16 सैटेलाइट लेकर उड़ा था। ISRO चीफ डॉ. वी नारायणन ने कहा कि रॉकेट लॉन्चिंग के तीसरे चरण में गड़बड़ी आ गई, जिसके कारण वह रास्ता भटक गया। पिछले साल 18 मई को भी ISRO का PSLV-C61 मिशन तकनीकी खराबी के कारण तीसरी स्टेज में ही फेल हुआ था। इस मिशन में EOS-09 अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट को 524 किमी की सन-सिंक्रोनस पोलर ऑर्बिट में स्थापित किया जाना था। PSLV-C62 / EOS-N1 मिशन कुल 1 घंटा 48 मिनट 5 सेकेंड का था, लेकिन 8वें मिनट में गड़बड़ी आ गई। इस वजह सेः इसरो ने इसे न तो सफल और न ही असफल घोषित किया है। आमतौर पर तीसरे चरण में गड़बड़ी होने पर मिशन लगभग फेल ही माना जाता है। PSLV को इसरो का सबसे भरोसेमंद रॉकेट माना जाता है। इसने अब तक 63 उड़ानें पूरी की हैं, जिनमें चंद्रयान-1, मंगलयान (MOM), आदित्य-L1 और एस्ट्रोसैट जैसे बड़े मिशन शामिल हैं। साल 2017 में PSLV ने एक ही मिशन में 104 सैटेलाइट्स लॉन्च करके वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। अन्वेषा को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने विकसित किया था। यह उन्नत इमेजिंग क्षमताओं से लैस एक स्पाई (खुफिया) सैटेलाइट है। यह धरती से कई सौ किलोमीटर ऊपर होने के बावजूद झाड़ी, जंगलों या बंकरों में छिपे दुश्मनों की तस्वीरें खींच सकता था।



## बोले- एफआईआर नहीं तो 13 जनवरी को ओपीडी बंद रहेगी, सीएम से मिलीं कुलपति

# केजीएमयू डॉक्टरों में अपर्णा यादव के खिलाफ नाराज़गी

तमसा संकेत, एजेंसी




लखनऊ। यूपी राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव विवादों में फंस गई हैं। लखनऊ के KGMU (किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी) के डॉक्टरों ने 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा- अगर FIR नहीं लिखी गई तो 13 जनवरी, मंगलवार को OPD बंद रखेंगे। सिर्फ इमरजेंसी सेवाएं चलेंगी। अपर्णा यादव के खिलाफ यह फैसला सोमवार को डॉक्टर, कर्मचारी, पैरा मेडिकल संगठन की संयुक्त बैठक में लिया गया। एहतियातन KGMU कैंपस में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सोमवार सुबह कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। उसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलीं। उन्हें पूरे प्रकरण और विशाखा समिति की रिपोर्ट से अवगत कराया। अब कुलपति KGMU के सभी संगठनों के साथ बैठक करके मुख्यमंत्री के साथ हुई बातचीत से अवगत कराएंगी, ताकि प्रस्तावित कार्य बहिष्कार रोका जा सके। प्रवक्ता प्रो. केके सिंह ने बताया- कट्टरपंथी गतिविधि को लेकर बनाई गई 7 सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की जांच स्थगित स्थगित कर दी गई है। मामले की जांच एसटीएफ ने शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री की तरफ से विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इस विषय में उठाये गये कदमों पर संतोष जाहिर किया गया है।

### सीएम योगी से मुलाकात के बाद कुलपति ने बुलाई बैठक

मुख्यमंत्री से मिलकर लौटीं KGMU कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने सभी संगठनों की बैठक बुलाई है। इस बैठक में OPD बंद करने के निर्णय को लेकर वार्ता होनी है। KGMU प्रशासन की तरफ से सोमवार शाम एक रिलीज जारी कर बताया गया कि कुलपति ने मुख्यमंत्री से उनको वर्तमान घटनाक्रम और विशाखा समिति के सन्दर्भ में कमेटी की रिपोर्ट से अवगत कराकर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।



अपर्णा यादव के समर्थकों पर FIR नहीं दर्ज होने से नाराज डॉक्टरों और अन्य स्टाफ ने बैठक की।

### ओपीडी बंद रहेगी, पर इमरजेंसी सेवाएं चलेंगी

KGMU परिसर में सोमवार को शिक्षक संघ, रेजिडेंट्स, नर्सिंग, और कर्मचारी संघ की संयुक्त समिति की बैठक हुई। इस दौरान 9 जनवरी को प्रशासनिक भवन के VC ऑफिस परिसर में उपद्रवियों द्वारा की गई तोड़फोड़ और महिलाओं के साथ हुई अभद्रता पर नाराजगी जताई गई।चीफ प्रॉक्टर ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। इससे कर्मचारियों में गुस्सा बढ़ गया है।

> 66 प्रो. केके सिंह ने बताया- कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने सोमवार सुबह राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की। अभी कुलपति सीएम से मिलने गई हैं। फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की जांच स्थगित कर दी गई है। इसकी जांच विश्वविद्यालय प्रशासन की क्षमता के बाहर होने के कारण एसटीएफ द्वारा इसकी जांच कराई जाएगी। सीएम ने केजीएमयू परिवार के सदस्यों के धैर्य बनाये रखने को कहा।

# अवॉर्ड पाने से पहले लिस्ट से नाम कटा, युवक रोया

## बोला- सम्मानित होना था, अपमानित किया गया

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ में सीएम योगी के कार्यक्रम में अवधेश कुमार नाम का युवक रो पड़ा। अवधेश ने बताया, युवा दिवस पर अवॉर्ड के लिए मेरा नाम शामिल था। अचानक मेरा नाम लिस्ट से काट दिया गया। सम्मान पाने के दिन ही मुझे अपमानित कर दिया गया। दरअसल, अवधेश को विवेकानंद यूथ अवॉर्ड से सम्मानित किया जाना था। अधिकारियों ने उसे इन्विटेशन भी भेजा था। 12 जनवरी को ऐनवक्त अवधेश का नाम लिस्ट से कट गया। कार्यक्रम में सीएम योगी ने यूपी के 10 युवाओं को विवेकानंद यूथ अवॉर्ड से सम्मानित किया। प्रत्येक सम्मानित युवा को 50 हजार रुपए की पुरस्कार राशि, स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र मिला। इस कार्यक्रम में सैकड़ों युवा शामिल हुए थे। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हॉल में आयोजित युवा दिवस कार्यक्रम में महिला मंगल दलों को भी सम्मानित किया गया। अवधेश लखनऊ के मोहनलाल गंज के गनेश खेड़ा गांव का रहने वाला है। उसने बताया- अवॉर्ड देने के लिए 15 नामों की लिस्ट जारी हुई थी। उनमें से 10 लोगों को चुना जाना था। मुझे एक दिन पहले लेटर भी दे दिया गया। अधिकारियों ने फोन करके बताया कि आपका नाम सिलेक्ट हो गया है। पता नहीं क्या हुआ जो सवेरे मेरा नाम ही काट दिया गया।

**फास्ट न्यूज**

### बंद कमरे में लगी आग

लखनऊ। लखनऊ के इंदिरानगर थाना क्षेत्र के चाणक्यपुरी इलाके में सोमवार दोपहर एक मकान की पहली मंजिल पर आग लग गई। सूचना मिलने पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। घर बंद होने के कारण दमकल कर्मी पड़ोस के घर से अंदर घुसे। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन कमरे में रखा कीमती सामान जलकर नष्ट हो गया।

### लखनऊ में बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन

लखनऊ। लखनऊ में बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। संविदा कर्मचारियों का कहना है कि कर्मचारी विभिन्न जनपदों से चलकर लखनऊ आए, लेकिन ऊर्जा मंत्री मिले नहीं। संपर्क करने की कोशिश की गई तो बताया गया कि वह बाहर हैं। इस पर बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों ने कालिदास मार्ग स्थित उर्जा मंत्री एके शर्मा के घर के बाहर भाग गया भाई भाग गया ऊर्जा मंत्री भाग गया, होश में आओ भाई होश में आओ और इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए।

### इंदौर की तरह लखनऊ में आ रहा गंदा पानी

लखनऊ। लखनऊ में इंदौर की तरह ही लोगों के घरों में गंदा पानी आ रहा है। इसके कारण लोग आए दिन बीमार हो रहे हैं। मामले में लोगों ने नगर निगम और जलकल विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की। बावजूद इसके समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। लोगों का कहना है कि इसके चलते सेहत और खराब होने का खतरा बना हुआ है। बेलदार लेन लालबाग क्षेत्र शहर के वीआईपी क्षेत्रों में है।

# सावित्रीबाई फुले और फातिमा शेख का संयुक्त जन्मदिवस मनाया गया

## महिला शिक्षा में उनके योगदान को किया गया नमन

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। बहुजन समाज वृंदावन योजना लखनऊ ग्रुप के तत्वावधान में दिनांक 11 जनवरी 2026 को जगत खेड़ा स्थित श्री कमल वर्मा जी के आवास पर भारत की प्रथम बालिका विद्यालय की संस्थापिका, क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले एवं भारत की प्रथम मुस्लिम महिला शिक्षिका फातिमा शेख का जन्मदिवस संयुक्त रूप से श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दोनों महान विभूतियों के सामाजिक संघर्षों और महिला शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।



### प्लेग पीड़ितों की सेवा करते हुए हुआ निधन

पूर्व एसडीएम जीत लाल सैनी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले केवल शिक्षिका ही नहीं, बल्कि समाजसेविका भी थीं। उन्होंने प्लेग महामारी के दौरान पीड़ितों की निस्वार्थ सेवा की और इसी दौरान वे स्वयं संक्रमित हो गईं। वर्ष 1897 में उनका निधन हो गया।

> कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि जब सावित्रीबाई फुले अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटीं, तो विरोधियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले के पिता को भड़काकर उन्हें घर से बाहर निकलवा दिया। ऐसे समय में फिर एक बार फातिमा शेख ने आगे बढ़कर सावित्रीबाई और ज्योतिबा फुले को अपने घर में आश्रय दिया।

### कठिन परिस्थितियों में महिला शिक्षा की नींव

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बहुजन समाज वृंदावन ग्रुप के संयोजक एवं पूर्व एसडीएम लखनऊ रामकुमार गौतम ने कहा कि जब सावित्रीबाई फुले और महात्मा ज्योतिबा फुले ने पुणे में महिलाओं के लिए विद्यालय खोलने का निर्णय लिया, तब समाज की रूढ़िवादी सोच के चलते उन्हें भारी विरोध का सामना करना पड़ा। उस समय महिलाओं का दायित्व केवल घर-परिवार तक सीमित माना जाता था और शिक्षा देना सामाजिक अपराध जैसा समझा जाता था। लेकिन निर्भीक और साहसी सावित्रीबाई ने विरोध करने वालों को करारा जवाब दिया। इसके बाद भी उन पर अत्याचार बंद नहीं हुए।

# बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में लखनऊ की रफ्तार थमी

## वीवीआईपी इलाके में 3 घंटे जाम, एम्बुलेंस फंसीं, अयोध्या रूट पर ज्यादा दिक्कत

- रकाबगंज चौराहे पर रोज लगने वाला जाम इस दिन और विकराल हो गया।
- डालीबाग स्थित नैमिषारण्य गेस्ट हाऊस से गाड़ियों के काफिले के साथ पंकज चौधरी निकले। उनका जगह-जगह स्वागत हुआ।

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के लखनऊ आगमन और स्वागत कार्यक्रम के चलते राजधानी की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। सोमवार सुबह करीब 10 बजे से दोपहर एक बजे तक शहर के कई प्रमुख मार्गों पर भीषण जाम रहा। जाम में एम्बुलेंस भी फंसी रहीं। डायवर्जन वाले रूट पर भी वाहन रेंगते रहे। इसके बाद एक बार फिर शाम के समय ऑफिस छूटने के साथ कमता, चिनहट समेत अयोध्या रूम के तमाम चौराहों पर जाम लगा। अयोध्या रोड पर कामता तिराहे से लेकर इस्माइलगंज तक लंबा जाम लगा रहा। शहीद पथ पर कामता से हुसड़िया तक वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतार लगी रही। सुबह से ही ट्रैफिक रेंगता रहा और दफ्तर, स्कूल व जरूरी कामों से निकलने वाले लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के अवध क्षेत्र में प्रथम आगमन पर भाजपा लखनऊ महानगर की ओर से भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। डालीबाग स्थित नैमिषारण्य गेस्ट हाउस में सुबह 8 बजे से ही हजारों की संख्या में कार्यकर्ता जुटने लगे। शंखनाद, पुष्प वर्षा, ढोल-नगाड़ों और मंत्रोच्चार के साथ प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार अभिनंदन किया गया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग के अनुसार, नैमिषारण्य गेस्ट हाउस में कैंट और सरोजिनी नगर विधानसभा के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत के बाद काफिला समता मूलक चौराहे पहुंचा। यहां पश्चिम और मध्य विधानसभा की ओर से अंजनी श्रीवास्तव और रजनीश गुप्ता ने स्वागत किया।

# लव जिहाद आरोपी डॉक्टर केस की जांच एसटीएफ को

## आरोपी डॉ. रमीज के पीएफआई कनेक्शन

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। KGMU लव जिहाद और धर्मांतरण मामले में आरोपी डॉ. रमीजुद्दीन उर्फ रमीज की गिरफ्तारी के बाद पुलिस के हाथ बड़ी जानकारी लगी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, डॉ. रमीज के मोबाइल और डिजिटल सबूतों से पता चला है कि उसके तार प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (PFI) से जुड़े हैं। KGMU प्रशासन ने मामले की STF से जांच कराने के लिए शासन को लेटर लिखा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी डॉक्टर रमीज की गिरफ्तारी के समय उसके पास से एक नया मोबाइल बरामद किया गया। मोबाइल की शुरुआती जांच में कई ऐसी जानकारियां सामने आई हैं, जिन्हें केस के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। मोबाइल में मौजूद चैट, कॉल डिटेल और अन्य डिजिटल डेटा से डॉ. रमीज की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी मिली है। डिलीट किए गए डेटा को रिकवर कराने के लिए पुलिस ने मोबाइल को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। रिकवर होने वाला डेटा पूरे घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने में अहम भूमिका निभा सकता है। पुलिस को उम्मीद है कि इससे साजिश में शामिल अन्य लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, फरारी के दौरान आरोपी डॉ. रमीज का संपर्क PFI के कई पदाधिकारियों से लगातार बना हुआ था।

# भाजयुमो महामंत्री की स्कॉर्पियो ट्रक में घुसी

## पंकज चौधरी के कार्यक्रम में लखनऊ आ रहे थे, फरवरी में होनी थी सगाई

**मौत**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे भाजपा युवा मोर्चा मंडल के महामंत्री की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपने 7 साथियों के साथ उन्नाव से स्कॉर्पियो से लखनऊ आ रहे थे। लखनऊ-उन्नाव बॉर्डर पर सामने से आ रहे ट्रक में स्कॉर्पियो घुस गई। हादसे में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बाकी लोगों को मामूली चोटें आई हैं। घायलों का इलाज चल रहा है। मामला असोहा थाना क्षेत्र का है। उन्नाव के मुर्तजानगर सोनी में रहने वाले हैप्पी राजपूत (26) भाजयुमो में बिछिया उन्नाव ब्लॉक से मंडल महामंत्री थे। हैप्पी मोबाइल की दुकान भी चलाते थे। वह सोमवार सुबह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने लखनऊ आ रहे थे। लखनऊ-उन्नाव लाला खेड़ा के पास उनकी स्कॉर्पियो सामने से आ रहे ट्रक में घुस गई। इसमें अनुराग राजपूत, सत्येंद्र राजपूत और हैप्पी राजपूत गंभीर घायल हो गए। तीनों को पीजीआई ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने हैप्पी को मृत घोषित कर दिया। जबकि अनुराग और सत्येंद्र का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। पुलिस ने हैप्पी के शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



हैप्पी राजपूत, मृतक

### अस्पताल में मंडल महामंत्री को मृत घोषित किया गया

पीजीआई ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों ने जांच के बाद भाजपा युवा मोर्चा मंडल महामंत्री हैप्पी राजपूत को मृत घोषित कर दिया। वहीं अनुराग राजपूत और सत्येंद्र राजपूत की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज जारी है। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### अप्रैल में होनी थी शादी

हैप्पी के घरवालों ने बताया उनकी 8 फरवरी को उन्नाव की रहने वाली एक लड़की से इंगेजमेंट होनी थी। 26 अप्रैल को शादी थी। शादी को लेकर पूरा परिवार काफी खुश था। उसी की तैयारी चल रही थी। हैप्पी अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। इससे पहले उनके छोटे भाई लकी की साल-2021 में कोरोना से मौत हो गई थी। हैप्पी की मौत के बाद परिवार में केवल मां शांति राजपूत और पिता डॉ. विजय राजपूत ही बचे हैं। बेटे की मौत से दोनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर पीजीआई का कहना है पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजन संबंधित थाने में जाकर कार्रवाई करेंगे।



हैप्पी सिंह ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मिलकर बुके भेंट किया था।

### तीन कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल

हादसे में हैप्पी राजपूत, अनुराग राजपूत और सत्येंद्र राजपूत गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस द्वारा पीजीआई ट्रॉमा सेंटर, लखनऊ भेजा गया।

## हादसा : पति का चेहरा-हाथ झुलसा, अमेरिका से लखनऊ आई बेटी को रेस्क्यू कर बचाया

# आग से घिरी स्कूल संचालिका छत से कूदी, मौत

- आग को बढ़ता देखकर महिला छत से नीचे कूद गई। चोट लगने से उसकी मौत हो गई।
- घटना की जानकारी होने पर रिश्तेदार मौके पर पहुंच गए। महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल है।

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में आग से बचने के लिए महिला दूसरी मंजिल की छत से कूद गई। सिर में चोट लगने से उसकी मौत हो गई। पति भी आग में झुलसकर घायल है। जबकि बेटी को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। बेटा खुद ही बाहर निकल गया। घटना सोमवार सुबह अयोध्या रोड के नीलगिरी चौराहा के रोहतास इन्क्लेव की है। महिला की पहचान फ्लैट नंबर 73-74 में रहने वाली निदा रिजवी (45) के रूप में हुई है। वह चौक में किड्स जी स्कूल चलाती थीं। उनके पति सैय्यद मोहम्मद अम्मार रिजवी (52) का चेहरा और हाथ झुलस गया है।



यह तस्वीर सैय्यद मोहम्मद अम्मार और निदा रिजवी की है।

### अलमारी से मिले 11 लाख रुपए, करीब 2 घंटे चला ऑपरेशन

प्रभारी अग्निशमन अधिकारी इंदिरा-नगर कमलेन्द्र कुमार सिंह और एफएसओ हजरतगंज रामकुमार रावत के नेतृत्व में दमकल कर्मियों ने लगातार करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। आग बुझाने के दौरान एक अलमारी से 11 लाख रुपए नकद बरामद हुए, जिनमें 500-500 रुपए की गड्डियां थीं।

### नजर देने के लिए उठी थीं निदा

सोमवार सुबह करीब 7 बजे निदा नजर देने के लिए (बुरी नजर से बचाने के लिए इबादत करना) उठीं। उन्होंने पहली मंजिल के पीछे वाले कमरे में दुआ घर बनाया था।



आग को बढ़ता देखकर महिला छत से नीचे कूद गई। चोट लगने से उसकी मौत हो गई।

# नर्सिंग छात्रा फांसी पर लटकी

## दोस्त जगाने पहुंचे तो फंदे से झूलता शव देखा, पुलिस कर रही जांच

- रितु के शव के पास रोती मां। आस-पास के लोगों ने किसी तरह विलाप करते परिजनों को संभाला।
- पुलिस ने शव को नीचे उतारा और छानबीन के बाद परिजनों को सूचित किया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र में बीती रात एक नर्सिंग छात्रा रितु कुमारी (20) ने अपने किराए के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, रितु कुमारी मूल रूप से रायबरेली जिले के रेती खुर्द निवासी कमलेश कुमार की बेटी थी। वह बिजनौर के सरवन नगर में आलमबाग निवासी राजेश कुमार के मकान में किराए पर रहती थी। रितु पास के जानवी नर्सिंग कॉलेज में नर्सिंग फर्स्ट ईयर की छात्रा थी। सोमवार सुबह जब रितु काफी देर तक अपने कमरे से बाहर नहीं निकली, तो बगल के कमरे में रहने वाली उसकी सहेलियां उसे जगाने पहुंचीं। उन्होंने देखा कि रितु के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला, तो उन्होंने मकान मालिक राजेश कुमार को इसकी सूचना दी। मकान मालिक राजेश ने भी कई बार आवाज लगाई, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद उन्होंने बिजनौर पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो रितु कमरे के अंदर पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटकी हुई मिली। पुलिस ने शव को नीचे उतारा और छानबीन के बाद उसके परिजनों को सूचित किया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के परिवार में उसके पिता कमलेश, मां हुबराजा और एक बड़ा भाई अमित कुमार हैं। पुलिस ने बताया कि मृतका के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, और आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस ने जांच पड़ताल के लिए मृतका के मोबाइल को अपने कब्जे में ले लिया है। पिता कमलेश कुमार खेती किसानी करते हैं। उसकी तीन बड़ी बहनें और एक भाई है।

# अम्बेडकरनगर में अनोखी प्रेम कहानी चर्चा में

## थाने की तहरीर से मंदिर तक पहुंचा पांच साल पुराना रिश्ता

**प्रेम विवाह**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। अम्बेडकरनगर जिले में एक अनोखी प्रेम कथा इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। मामला जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के धर्मपुर करमैतेपुर गांव का है, जहां पांच साल से चल रहे प्रेम संबंध ने अंततः शादी का रूप ले लिया। खास बात यह रही कि प्रेमी ने शादी के लिए ऐसा रास्ता चुना, जिसकी शुरुआत पुलिस थाने से हुई और अंत मंदिर में जाकर हुई। यह पूरा मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। धर्मपुर करमैतेपुर गांव निवासी युवक का अपने गांव से लगभग तीन किलोमीटर दूर रहने वाली युवती से लंबे समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों एक-दूसरे से विवाह करना चाहते थे, लेकिन युवक के परिजन इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं थे। परिवार की असहमति के चलते दोनों के सामने शादी का रास्ता आसान नहीं था। गांव से लेकर आसपास के क्षेत्रों में लोग इस अनोखे घटनाक्रम को लेकर तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। थाने में तहरीर, फिर मंदिर में शादी और उसके बाद दोनों का चले जाना लोगों के बीच कौतूहल का कारण बना हुआ है।



### घरवालों की असहमति बनी बाधा

धर्मपुर करमैतेपुर गांव निवासी युवक का अपने गांव से लगभग तीन किलोमीटर दूर रहने वाली युवती से लंबे समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों एक-दूसरे से विवाह करना चाहते थे, लेकिन युवक के परिजन इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं थे। परिवार की असहमति के चलते दोनों के सामने शादी का रास्ता आसान नहीं था।

### तहरीर के बाद थाने बुलाया गया युवक

तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने युवक को थाने बुलाया। थाने में पूछताछ के दौरान युवक ने युवती से शादी करने की इच्छा जाहिर की। पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनी और यह स्पष्ट होने पर कि दोनों बालिग हैं, किसी तरह की कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद दोनों को थाने से जाने दिया गया।

### पांच साल से चल रहा था प्रेम-प्रसंग

बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पिछले पांच वर्षों से प्रेम संबंध थे। इस दौरान दोनों एक-दूसरे से लगातार संपर्क में रहे। हालांकि युवक के परिजन इस रिश्ते को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे, जिसके चलते मामला लंबे समय तक लटका रहा। अंततः दोनों ने अपनी समझ से शादी का फैसला कर लिया।

### शादी के लिए रची गई पूरी योजना

परिवार के विरोध के बीच प्रेमी ने अपनी प्रेमिका को एक योजना सुझाई। उसने कहा कि अगर वह थाने में उसके घरवालों के खिलाफ तहरीर दे दे, तो परिवार दबाव में आकर शादी के लिए मान जाएगा। प्रेमिका ने प्रेमी की बात पर भरोसा किया और जहांगीरगंज थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी। थाने से निकलने के बाद दोनों सीधे नरियांव बावली चौक पर स्थित एक मंदिर पहुंचे। वहां दोनों ने आपसी सहमति से विवाह कर लिया। शादी के बाद युवक अपनी पत्नी को साथ लेकर वहां से चले गए। इस घटनाक्रम की जानकारी जब आसपास के लोगों को हुई तो मामला चर्चा में आ गया।

**इस मामले में पुलिस की भूमिका शिकायत दर्ज करने और दोनों पक्षों को सुनने तक सीमित रही। चूंकि दोनों बालिग थे और अपनी मर्जी से निर्णय ले रहे थे, इसलिए पुलिस ने उन्हें किसी प्रकार से रोकने की आवश्यकता नहीं समझी। वहां दोनों ने आपसी सहमति से विवाह कर लिया। शादी के बाद युवक अपनी पत्नी को साथ लेकर वहां से चले गए। इस घटनाक्रम की जानकारी जब आसपास के लोगों को हुई तो मामला चर्चा में आ गया।**

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

## रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिताओं में छात्रों ने जीते पुरस्कार

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम भीटी के अभ्युदय डिफेंस एकेडमी, रैमलपुर सोनाव में आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कविता लेखन प्रतियोगिता में मृत्युंजय कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हर्षित कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। कहानी लेखन में मृत्युंजय प्रथम, सौरभ सेन द्वितीय और शिवम राज तीसरे स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता में मधु और खूशबू ने अव्वल स्थान हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में विवेक जायसवाल और चित्रकला में अभिनव प्रजापति को प्रथम स्थान मिला।



### स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व पर विचार गोष्ठी

राष्ट्रीय युवा उत्सव के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और उनके कृतित्व की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उपयोगिता पर विचार गोष्ठी भी आयोजित की गई। गोष्ठी में युवाओं को उनके आदर्शों, कर्मयोग और आत्मविश्वास के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

**फास्ट न्यूज**

### सघन वाहन चेकिंग अभियान तेज

अम्बेडकरनगर। जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सोमवार को जिले के विभिन्न मार्गों पर 29 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस के अनुसार यह अभियान लगातार प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। पुलिस आंकड़ों के अनुसार 1 जनवरी 2026 से अब तक जिले में कुल 544 वाहनों का चालान किया जा चुका है।

### बैनामा शुदा भूमि पर बने मकान में कब्जे की कोशिश का आरोप

आलापुर, अम्बेडकरनगर। जिले के आलापुर तहसील क्षेत्र से भूमि विवाद का एक मामला सामने आया है, जिसमें बैनामा शुदा भूमि पर बने मकान और दुकानों में जबरन कब्जे की कोशिश का आरोप लगाया गया है। थाना राजेसुल्तानपुर क्षेत्र के ग्राम अल्लीपुर वर्जी निवासी हरीशचंद्र ने इस संबंध में उपजिलाधिकारी आलापुर को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार राजस्व ग्राम निकसपुर स्थित सड़क किनारे गाटा संख्या 106, रकबा 0 .153 हेक्टेयर में से उसने 4 दिसंबर 1989 को रामसिंगार पुत्र सीताराम से 3 बिस्वा 14 धूर भूमि का बैनामा कराया था।

### युवा दिवस पर जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर

अम्बेडकरनगर। युवा दिवस के अवसर पर सोमवार को हरिनाथ सेवा संस्थान की ओर से जिला अस्पताल अकबरपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 से अधिक युवाओं ने सहभागिता करते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराना और युवाओं को सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूक करना रहा।

# ष्ट्रीय युवा दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के प्लान ऑफ एक्शन 2025-26 के अनुपालन में आज 12 जनवरी 2026 को प्राथमिक विद्यालय रुदौली अदाई मालीपुर में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विशेष विधिक साक्षरता और जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सही मार्गदर्शन, बाल विवाह रोकथाम और मध्यस्थता के महत्व के बारे में जागरूक करना था। अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि युवाओं का भविष्य ही देश के विकास की नींव है। उन्होंने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों से परिचित कराया। बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि युवाओं में ऊर्जा, उत्साह और देशहित के प्रति प्रतिबद्धता पैदा हो। वर्ष 2026 की थीम युवाओं की शिक्षा और रोजगार पर आधारित है, जिसमें नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। अपर जिला जज / सचिव ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत तैयार की गई 100 दिवसीय विस्तृत कार्ययोजना का विवरण भी प्रस्तुत किया। अभियान के अंतर्गत तहसील और ब्लॉक स्तर पर बाल विवाह रोकथाम, बाल विवाह निषेध हेल्पलाइन, स्कूल और कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम, रैली, नुक्कड़ नाटक और मीडिया प्रचार के माध्यम से व्यापक जनसामान तक संदेश पहुँचाया जाएगा।



## उम्मरपुर में योजनाओं की समीक्षा, पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाने के निर्देश

# प्रभारी मंत्री ने ग्राम चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जनपद के विकासखंड अकबरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत उम्मरपुर में सोमवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने की। इस दौरान ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत का अवलोकन किया गया। ग्राम चौपाल में प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली। बताया गया कि ग्राम पंचायत उम्मरपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 21 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 53 लाभार्थियों के नाम सर्वे सूची में शामिल हैं, जिन्हें लाभ दिलाने की प्रक्रिया प्रगति पर है। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत चार लाभार्थियों में से तीन के आवास पूरे हो चुके हैं। प्रभारी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के सुनिश्चित किया जाए।



### आयुष्मान कार्ड और पेंशन योजनाओं की स्थिति

चौपाल में यह भी जानकारी दी गई कि ग्राम पंचायत में अब तक 175 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। प्रभारी मंत्री ने राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना सहित श्रम, मत्स्य और अन्य विभागों की योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया।

### प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद

ग्राम चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्सना बंधु, परियोजना अधिकारी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी, डीसी एनआरएएल-एम, भाजपा जिला अध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, खंड विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



**ग्राम चौपाल के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से भी संवाद किया गया। समूहों से जुड़ने के बाद उनके जीवन स्तर और आय में आए बदलावों पर चर्चा हुई। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूहों को निरंतर सहयोग प्रदान किया जाए और लखपति दीदी अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाए।**

## एकीकृत बागवानी विकास मिशन से बदली तस्वीर, मधुमक्खी पालन बना पहचान

# अम्बेडकरनगर के दयाशंकर का राष्ट्रीय बाजार में दबदबा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जनपद के ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर राष्ट्रीय बाजार तक अपनी पहचान बनाने वाले दयाशंकर की सफलता इन दिनों चर्चा में है। विकासखंड अकबरपुर के ग्राम कबीरपुर कसेरूआ निवासी दयाशंकर ने मधुमक्खी पालन को स्वरोजगार का माध्यम बनाकर न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल की, बल्कि क्षेत्र के किसानों और युवाओं के लिए एक नई राह भी खोली है। उद्यान विभाग के सहयोग और एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत शुरू किया गया यह प्रयास आज बड़े स्तर पर व्यवसाय का रूप ले चुका है।



### जिले में मधुमक्खी पालन को मिल रही पहचान

जिला उद्यान अधिकारी धर्मेंद्र चंद्र चौधरी के अनुसार अम्बेडकरनगर अब मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है। दयाशंकर जैसे किसान जिले की पहचान को नई ऊंचाई दे रहे हैं। उनके प्रयासों से यह स्पष्ट हो रहा है कि सरकारी योजनाओं का सही उपयोग कर ग्रामीण क्षेत्रों में भी राष्ट्रीय स्तर का व्यवसाय खड़ा किया जा सकता है।

### ग्रामीण युवाओं के लिए मिसाल

दयाशंकर की सफलता ग्रामीण युवाओं के लिए प्रेरणा बन रही है। मधुमक्खी पालन को अपनाकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के इच्छुक लोग अब उद्यान विभाग और कृषि विज्ञान केंद्रों से संपर्क कर प्रशिक्षण और सहायता ले रहे हैं। यह मॉडल जिले के कृषि आधारित विकास की दिशा में एक मजबूत उदाहरण बनकर उभरा है। शहद उत्पादन के साथ-साथ दयाशंकर मौनवंश यानी मधुमक्खी कॉलोनियों की बिक्री भी कर रहे हैं।



### सालाना 10.50 लाख का शुद्ध लाभ

सभी खर्चों को घटाने के बाद दयाशंकर को सालाना लगभग 10.50 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हो रहा है। यह आय उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही है और गांव में रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रही है। मधुमक्खी पालन से जुड़े कार्यों में स्थानीय स्तर पर लोगों को काम मिल रहा है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर अकबरपुर नगर पालिका का स्वच्छता पर फोकस

## लोरपुर वार्ड में कूड़ा पृथक्करण जागरूकता अभियान

तमसा संकेत, संवाददाता

अकबरपुर। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद अकबरपुर की ओर से स्वच्छता को लेकर व्यापक स्तर पर अभियान चलाया गया। लोरपुर वार्ड में कूड़े के पृथक्करण को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, वहीं नगर के विभिन्न वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान के तहत नालों-नालियों की सफाई, घास कटिंग और दवा का छिड़काव कराया गया। पूरा कार्यक्रम प्रभारी अधिशासी अधिकारी एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट विशाल कुमार सारस्वत के निर्देशन में संचालित किया गया। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को गीले और सूखे कूड़े के पृथक्करण की जानकारी देना और स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना रहा। नगर पालिका की टीम ने घर-घर और सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को कूड़ा अलग-अलग रखने के तरीकों के बारे में बताया। लोरपुर वार्ड में आयोजित जागरूकता अभियान में ट्रेनिंग पार्टनर टीम मॉडर्न ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, स्वच्छ भारत मिशन टीम और आईईसी टीम ने संयुक्त रूप से भाग लिया। टीम के सदस्यों ने स्थानीय नागरिकों को बताया कि कूड़ा पृथक्करण से न केवल कचरा प्रबंधन बेहतर होता है, राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद की ओर से नगर के विभिन्न वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान नाले और नालियों की गहन सफाई कराई गई। जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सिल्ट हटाने का कार्य किया गया, वहीं सार्वजनिक स्थानों पर उगी झाड़ियों और घास की कटाई कराई गई। मच्छरों और अन्य कीटों से बचाव के लिए दवा का छिड़काव भी किया गया। अवर अभियंता जलकल शैलेंद्र सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक हृदयानंद यादव, अर्बन विशेषज्ञ रवि उपाध्याय, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी जसवंत सिंह यादव और स्वच्छता प्रभारी इसराइल ने व्यवस्थाओं की निगरानी की। इसके साथ ही ओमप्रकाश सुमन, आशीष शुक्ला, ज्ञान सिंह यादव, सफाई नायक पंकज, अंकित श्रीवास्तव और ट्रेनिंग पार्टनर टीम के सदस्य भी मौके पर मौजूद रहे।



## विजय : टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में लखनऊ ने दिखाई मजबूत बल्लेबाजी और बेहतरीन गेंदबाजी

# राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में शीश महल लखनऊ ने अयोध्या को 51 रनों से हराया

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित स्वर्गीय सूर्यपाल वर्मा राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल मैच में शीश महल लखनऊ ने अयोध्या को 51 रनों से परास्त कर फाइनल में जगह बना ली। सोमवार को खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में लखनऊ टीम ने अपनी ताकतवर बल्लेबाजी और सटीक गेंदबाजी का परिचय दिया। मैच के मुख्य अतिथि वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ आर्थो सर्जन डॉ. आलोक पाण्डेय रहे। उन्होंने मैदान पर पहुंचकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय लिया। इससे पूर्व उन्होंने स्वर्गीय सूर्यपाल वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए अयोध्या की टीम पूरी तरह संघर्ष में दिखी। टीम 18.1 ओवर में 111 रन पर ऑल आउट हो गई। इस दौरान शार्दुल ने 13 और अनुराग ने 10 रन बनाए। अन्य बल्लेबाज दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच सके।



**टॉस हारकर पहले क्षेत्र-रक्षण का फैसला लेने के बाद अयोध्या की टीम को 163 रनों का लक्ष्य मिला। शीश महल लखनऊ की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाए। कप्तान अनुपम ने अविजित 42, मुरारी ने 20, गुरुमन 19, गोविंद 16 और प्रियांशु 15 रन बनाकर टीम को मजबूती प्रदान की। अयोध्या के अनुराग ने 3 विकेट लिए, जो उनकी टीम के लिए हौसले की बात थी।**

### लखनऊ की गेंदबाजी का दम

लखनऊ के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। सर्वेश ने 4, आकाश 2, सूर्या 2, धनंजय और प्रियांशु ने 1-1 विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की। एम्पायर के रूप में सुधीर चतुर्वेदी और आनंद सिंह मौजूद रहे। कमेंट्री में अजय श्रीवास्तव, डॉ. सैयद मोहम्मद बाकिर और विक्रम सिंह ने अपने चिरपरिचित अंदाज में खेल का विवरण प्रस्तुत किया। स्कोरर की भूमिका श्याम ने निभाई।

### फाइनल मुकाबले की राह आसान, लखनऊ ने दिखाई दमदार तैयारी

शीश महल लखनऊ की टीम ने पहले सेमीफाइनल में मजबूत प्रदर्शन कर फाइनल की राह आसान कर ली है। उनके बल्लेबाजों की संयमित पारी और गेंदबाजों की सटीकता ने अयोध्या की टीम को मात दी।

### समारोह में उपस्थित रहे गणमान्य लोग

पूर्व ब्लाक प्रमुख सभाजीत वर्मा, शिवकुमार वर्मा, अरविंद मिश्रा, राकेश सोनकर, आचार्य शिवप्रसाद मिश्र, राजन शुक्ला, संजय श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव और डॉ. के.के. मौर्या सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मैच का जायजा लेने के लिए उपस्थित रहे। जो उनकी टीम के लिए हौसले की बात थी।

### पुलिस लाइन में एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन

अम्बेडकरनगर। पुलिस परिवार के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए सोमवार को पुलिस लाइन अम्बेडकरनगर में एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्साधिकारी अम्बेडकरनगर के आदेशानुसार किया गया। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे से पुलिस लाइन परिसर स्थित परेड ग्राउंड के सामने सभागार कक्ष में संपन्न हुआ। इस चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य पुलिस विभाग में कार्यरत कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों, पुरुष और महिलाओं, की नियमित स्वास्थ्य जांच करना तथा सामान्य बीमारियों का समय रहते उपचार सुनिश्चित करना रहा। शिविर में बड़ी संख्या में पुलिस परिवार के सदस्यों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। शिविर के दौरान चिकित्सा दल द्वारा सर्दी, जुकाम और खांसी से पीड़ित मरीजों की जांच कर आवश्यक दवाइयां दी गईं।

# मुख्यमंत्री से पूर्व सांसद रितेश पांडेय की मुलाकात

## सीताघाट में निषादराज प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम पर हुई चर्चा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। पूर्व सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेता रितेश पांडेय ने रविवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान अम्बेडकरनगर जनपद से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में सीताघाट में निषादराज की मूर्ति स्थापना के प्रस्तावित कार्यक्रम की जानकारी मुख्यमंत्री को दी गई, जिस पर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। मुलाकात के दौरान रितेश पांडेय ने सीताघाट क्षेत्र में निषादराज की प्रतिमा स्थापना से जुड़े कार्यक्रम की रूपरेखा से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है तथा इससे क्षेत्र में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। बैठक के दौरान जलालपुर क्षेत्र में बाईपास निर्माण का विषय भी प्रमुखता से उठाया गया। रितेश पांडेय ने जलालपुर नगर में बढ़ते यातायात दबाव और जाम की समस्या की ओर ध्यान दिलाते हुए बाईपास निर्माण की आवश्यकता बताई।



- राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर रहा संवाद।
- जनपद के विकास को लेकर सकारात्मक संकेत।

# सम्पादकीय

## मोदी के हाथ में त्रिशूल और डमरू



गले में भगवा गमछा, माथे पर त्रिपुंड और हाथों में भगवान शिव की तरह त्रिशूल और डमरू पकड़े हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नया अवतार सामने आया है। अलग-अलग विचारधारा और कार्यशैली के प्रधानमंत्री देश ने देखे हैं, लेकिन पहली बार एक ऐसे प्रधानमंत्री को देश देख रहा है, जिनकी वक्त-वक्त पर बदलती वेशभूषा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता की याद दिलाती है। बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी कोई भी काम अकारण नहीं करते। इस बार हिंदुत्व का जयघोष करने वाली मुद्रा उन्होंने सोमनाथ में 8 से 11 जनवरी तक आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के लिए धारण की। इस उत्सव को 'भव्य' बनाने में गुजरात की भाजपा सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी क्योंकि इसके गहरे राजनैतिक निहितार्थ भी हैं। एक हजार साल पहले1026 में सोमनाथ मंदिर पर पहला हमला हुआ था। उसी याद में यह उत्सव मनाया जा रहा है। गौरतलब है कि भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों में सर्वप्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि इसका निर्माण स्वयं चन्द्रदेव ने किया था, जिसका उल्लेख ऋग्वेद में भी है। लोककथाओं के अनुसार यहीं श्रीकृष्ण ने देहत्याग किया था। यह ऐतिहासिक मंदिर अब भाजपा के लिए राजनैतिक महत्व का भी बन गया है। प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) के अनुसार, 'यह उत्सव विनाश को याद करते हुए नहीं बल्कि आस्था, सांस्कृतिक आत्मसम्मान और पुनर्जन्म की भावना के सम्मान के रूप में मनाया जा रहा है।' दरअसल प्राचीन सोमनाथ मंदिर में कई गांवों का चढ़ावा आता था, जिससे यहां सोने, चांदी, बड़ी संख्या में मोतियों और अनमोल रत्नों समेत बड़ी धनसंपदा सदियों से जमा थी और इस वजह से विदेशी हमलावर इसे लूटना चाहते थे। महमूद गजनी ने 1026 में जब भारत पर एक और आक्रमण किया तो उस समय गुजरात में चालुक्य वंश के राजा भीम प्रथम का शासन था, महमूद गजनी ने तभी सोमनाथ पर पहला आक्रमण किया था। इसके बाद कई और शासकों और आक्रांताओं ने सोमनाथ मंदिर पर हमले किए और इसकी धन संपदा को लूटा। मध्ययुग का वह दौर ऐसा ही था, जिसमें राज्य और शक्ति बढ़ाने के लिए शासक खुलेआम लूटपाट करते थे। अभी अमेरिका इसी तरह के काम कर रहा है, बस इसमें लोकतंत्र का आवरण ओढ़ लिया है और सीधे-सीधे गैर धार्मिक स्थल को निशाना नहीं बनाया जा रहा है। खैर, सोमनाथ पर कम से कम 16 बार आक्रमण और देश के दूसरे हिंदू धर्मस्थानों पर हुए आक्रमण के बावजूद देश से न हिंदू धर्म खत्म हुआ, न हिंदुओं के अस्तित्व पर कोई खतरा आया। लेकिन मोदीराज में आस्था के पुनर्जन्म के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च करके सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया गया। सोमनाथ पर भाजपा पहले भी सफल दांव खेल चुकी है। दिसंबर 1989 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने पहली बार अपने चुनावी घोषणापत्र में राम मंदिर (अयोध्या) निर्माण के मुद्दे को शामिल किया था। तब उसकी लोकसभा सीटें बढ़ीं, फिर 1991 में लाल कृष्ण आडवाणी ने सोमनाथ से अयोध्या तक अपनी रथ यात्रा शुरू की, जिसके बाद भारत में वही धार्मिक विभेद की खाई गहरी होनी शुरु हुई, जो भाजपा की सत्ता के लिए जरूरी थी। 1992 में बाबरी मस्जिद तोड़ी गई। फिर 1996 में भाजपा को केंद्र की सत्ता में आने का मौका पहली बार मिला। और अब नरेन्द्र मोदी के आने के बाद तो 12 सालों से भाजपा के पास सत्ता है। ध्यान रहे कि आडवाणी की रथयात्रा में गुजरात में नरेन्द्र मोदी को बड़ी जिम्मेदारी दी गई थी, जिसे मोदी ने सफलतापूर्वक निभाया। सवाल भाजपा को सत्ता में लाने का था, तो नरेन्द्र मोदी ने पूरी तैयारी से अपनी जिम्मेदारी निभाई। लेकिन अभी प्रधानमंत्री के तौर पर तीसरा कार्यकाल संभालने के बाद मोदी लगातार अपने पद की गरिमा निभाने में नाकाम दिख रहे हैं। इंदौर में कई लोग दूषित पेयजल से मर गए, मोदी ने उफ तक नहीं की। दिल्ली से लेकर कई शहरों में हवा जानलेवा बनी हुई है। उन्नाव की पीड़िता इंसाफ के लिए लड़ती रही, मोदी चुपचाप देखते रहे। अभी अंकिता भंडारी मामले में लोगों ने आक्रोश न दिखाया होता तो भाजपा सरकार बेफिक्र बैठी रहती। उत्तर-प्रदेश में लगातार महिला उत्पीड़न के मामले सामने आ रहे हैं। एसआईआर में एक तरफ कई बीएलओ काम के बोझ से मर गए, तो दूसरी तरफ बुजुर्ग और गरीब मतदाता परेशान हो रहे हैं, मोदी को इससे भी कोई फर्क नहीं पड़ रहा। अरावली के पहाड़ काटने से लेकर मनरेगा खत्म करने जैसे बेसिरपैर के फैसले ले लिए गए। विपक्षी दलों को दुश्मन समझ कर उन्हें निशाने पर लिया जा रहा है। देश में महंगाई और बेरोजगारी संभल नहीं रही है। रूपया कितना गिर गया है, इस बारे में मोदी बात नहीं करते।

# ट्रम्प की लाठी, ट्रम्प की भैंस

> ट्रम्प की कार्यवाही का रूस और चीन ने विरोध किया है लेकिन बाकी दुनिया लगभग चुप है। इससे उत्साहित होकर ट्रम्प ने कोलम्बिया, मैक्सिको, क्यूबा और ग्रीनलैंड पर कार्यवाही करने की बात कही है। वो लगातार ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कह रहे हैं।



जिसकी लाठी, उसकी भैंस, ये कहावत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर बिल्कुल फिट बैठ रही है। एक तरह से अब ट्रम्प लाठी लेकर निकल चुके हैं और किसी की परवाह नहीं कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने दिखा दिया है कि उनके लिए अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून मायने नहीं रखते और न ही किसी किस्म की नैतिकता की उन्हें परवाह है । वास्तव में अंतरराष्ट्रीय राजनीति में नैतिकता सिर्फ दिखावे के लिए होती है और अमेरिका अभी तक ऐसे ही दिखावे से दुनिया को हांकता रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने कोई दिखावा नहीं किया और सीधे वेनेजुएला के पदस्थ राष्ट्रपति को अपने स्पेशल दस्ते से उनके निवास से उठवा लिया । एक संप्रभु राष्ट्र के राष्ट्रपति को इस तरह से उठा लेना बताता है कि अमेरिका अब दादागिरी पर उतर आया है। प्रसिद्ध हिंदी फिल्म 'शोले' के खलनायक का प्रसिद्ध डॉयलॉग है, "गब्बर के ताप से तुम्हें कौन बचा सकता है, खुद गब्बर।" ऐसे ही अहंकार से भरे हुए ट्रंप ने कहा है कि उनकी आक्रामकता को सिर्फ वही रोक सकते हैं। दूसरे शब्दों में वो पूरी दुनिया को धमका रहे हैं कि उन्हें कोई रोकने वाला नहीं है। अगर उनकी बात मानी गई तो वो रुक सकते हैं, क्योंकि उन्हें उनके अलावा कोई और नहीं रोक सकता। जो अमेरिका पहले मानवाधिकार, लोकतंत्र और स्वतंत्रता के नाम पर दूसरे देशों को बर्बाद करता आया है, उसने अपने स्वार्थ के लिए एक देश पर सीधा हमला कर दिया है। सद्दाम हुसैन और कर्नल गद्दाफी को इंसानियत का दुश्मन बताकर जो कुछ किया गया, वैसा ही निकोलस मादुरो के साथ करने के लिए कोई बहाना नहीं बनाया गया। देखा जाए तो अमेरिका ने दुनिया को यह बताया है कि वो ऐसा करने की ताकत रखता है, इसलिए उसने यह सब किया है। अमेरिका अपने आपको दुनिया का रक्षक मानता है और एक थानेदार जैसा व्यवहार करता है, लेकिन सच यह है कि अमेरिका जिस देश में भी घुसा है, वो बर्बाद हो गया है। बांग्लादेश तेजी से विकास के रास्ते पर चल रहा था, लेकिन अमेरिका से यह देखा नहीं गया और वहां से शेख हसीना को उखाड़ कर फेंक दिया। अमेरिका ने बांग्लादेश में अपने एजेंट मोहम्मद यूनुस को बिठा दिया है जो बांग्लादेश को बर्बाद करने पर तुला हुआ है। मिडल ईस्ट की बर्बादी के पीछे अमेरिका का स्वार्थ छुपा हुआ है। डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरे कार्यकाल में आते ही घोषणा कर दी थी कि उनकी नीति अमेरिका फर्स्ट की है लेकिन सच यह है कि उनकी नीति ट्रम्प फर्स्ट की है। उनकी नीतियां बता रही हैं कि वो आक्रामक तरीके से अपने उद्योगपति मित्रों की मदद कर रहे हैं। वेनेजुएला पर हमला भी अमेरिकी तेल कंपनियों के फायदे के लिए किया गया है। अमेरिका का इतिहास बताता है कि अमेरिका ने कई बार अपने व्यापारिक उद्देश्यों के लिए दूसरे देशों को निशाना बनाया है। ट्रम्प ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि वो सत्ता में आते ही सारे युद्ध रुकवा देंगे और नए युद्ध शुरू नहीं होने देंगे । उन्हें सत्ता में आये हुए एक साल होने वाला है लेकिन वो कोई भी युद्ध बंद नहीं करवा पाए हैं। इसके विपरीत अब डोनाल्ड ट्रंप खुद ही युद्ध की घोषणा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वो खुद को शांतिदूत घोषित करते हुए नोबेल पुरस्कार देने की मांग कर रहे हैं लेकिन उनकी यह मांग अभी तक मानी नहीं गई है। लगता है कि नोबल पुरस्कार न मिलने से निराश ट्रम्प अब गुंडागर्दी पर उतर आए हैं। भारत-पाकिस्तान का संघर्ष रुकवाने का दावा करने वाले ट्रम्प ने शांति का मसीहा बनने की कोशिश की है लेकिन वेनेजुएला पर हमला करके उन्होंने विश्वशांति को खतरे में डाल दिया है। ग्रीनलैंड डेनमार्क का हिस्सा है और डेनमार्क नाटो का सदस्य देश है। यूरोपीय देश भी अमेरिका का विरोध कर रहे हैं लेकिन ट्रम्प के बयानों में नर्मी के संकेत दिखाई नहीं दे रहे हैं। ग्रीनलैंड पर कब्जा करने का बहाना उन्होंने यह बनाया है कि अगर उस पर अमेरिका कब्जा नहीं करेगा तो रूस और चीन उस पर कब्जा कर लेंगे। अजीब बात यह है कि ग्रीनलैंड की सुरक्षा के लिये अमेरिकी सेना वहां पहले से ही मौजूद है । जब ग्रीनलैंड की सुरक्षा अमेरिका कर रहा है तो रूस और चीन का डर क्यों दिखाया जा रहा है। इस समय ईरान एक प्रकार के गृहयुद्ध से जूझ रहा है लेकिन डोनाल्ड ट्रंप उस पर हमला करने की धमकी दे रहे हैं। देखा जाए तो वो ईरान के अंदरूनी हालातों का फायदा उठाकर वहां भी दखल देने का बहाना ढूंढ रहे हैं। अगर आम जनता के मरने से अमेरिका परेशान है और लोगों की जान बचाना चाहता है तो सूडान के हालात बहुत ज्यादा खराब हैं । वास्तव में डोनाल्ड ट्रंप की लालची नजरें पूरी दुनिया को लूट का माल समझ रही हैं। उन्होंने कहा है कि वेनेजुएला अमेरिका को पांच करोड़ बैरल तेल देगा और उसकी बिक्री वो खुद करेंगे। इससे साबित होता है कि वेनेजुएला में अमेरिकी कार्यवाही का मकसद सिर्फ उसके प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जा करना है। ऐसे ही अमेरिका ईरान में अपनी कठपुतली सरकार बिठाकर उसके तेल पर कब्जा करना चाहता है। ग्रीनलैंड पर कब्जा करने का मकसद भी यही है कि उसके प्राकृतिक संसाधनों का दोहन अमेरिकी हितों के लिए किया जा सके । अमेरिका की कार्यवाही का पूरी दुनिया में विरोध हो रहा है, लेकिन अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक और सैन्य शक्ति है, इसलिए कोई भी देश एक सीमा तक ही उसका विरोध कर सकते हैं। अमेरिका ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए यूरोपीय देशों के विरोध की भी अनदेखी कर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया की इस कमजोरी को पहचान लिया है, इसलिए मनमानी पर उतर आए हैं। रूस इस समय यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझा हुआ है, इसलिए वो भी ज्यादा विरोध नहीं कर पा रहा है। दूसरी बात यह है कि यूक्रेन पर हमला करने के कारण वो खुद दुनिया के निशाने पर है । वेनेजुएला से चीन के आर्थिक हित गहराई से जुड़े हुए हैं लेकिन चीन अभी इतना ताकतवर नहीं हुआ है कि अमेरिका के खिलाफ कोई कार्यवाही कर सके।

**राजेश कुमार पासी**

### बांग्लादेश सरकार ने ...

राजेश श्रीवास्तव

## पाकिस्तान की राह पर जाता बांग्लादेश भारत के प्रति फैला रहा घृणा

एक तरफ जहां हम उत्तर प्रदेश में रहने के चलते अपने आप को सर्वोपरि महसूस करते हैं लेकिन जब पड़ोसी देश बांग्लादेश में अपने हिंदू समाज के लोगों की हत्या और उन पर हो रहे अत्याचार की खबरें रोज अखबारों की सुर्खियां बनते देखते हैं तो कलेजा मुंह को आने लगता है कि आखिर बांग्लादेश में हिंदू, ईसाई और बौद्ध समुदाय के लिए लगातार हिंसा गंभीर चिंता का विषय है तो भारत ने खुलकर प्रतिक्रिया क्यों नहीं व्यक्त की। हालांकि भारत ने इन घटनाओं पर खुलकर चिता जरूर जताई है लेकिन क्या हम लाचार हैं वहां के हिंदू युवकों की हत्या होते देखने के लिए । आखिर क्या कारण है कि वहां अल्पसंख्यक समाज खासकर हिंदू एक से बढ़कर एक वीभत्स अत्याचार और दुर्दांत मौत का शिकार हो रहा है। बांग्लादेश में हिदू आबादी करीब 7 प्रतिशत है। हाल के महीनों में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिसा, आगजनी, जमीन कब्जे और हत्याओं की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अंतरिम सरकार के दौरान 2,900 से ज्यादा हिसक घटनाएं दर्ज की गई हैं आखिर सच क्या है और आगे क्या हो सकता है? लगातार हो रही हत्याएं और हिसा यह संकेत दे रही हैं कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा एक बड़ा सवाल बन चुकी है। जांच के नतीजे क्या होंगे, यह तो समय बताएगा लेकिन फिलहाल डर और असुरक्षा का माहौल साफ नजर आ रहा है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत भेजने से मना तो किया ही, आइपीएल प्रसारण पर भी रोक लगा दी। इसे कुल मिलाकर बात बिगाड़ने वाला रवैया ही कहा जाएगा।



उसके ऐसे रवैये के कारण ही उन तत्वों का दुस्साहस बेलगाम है जो हिदुओं को निशाना बनाने के साथ भारत के खिलाफ आग उगलने में लगे हुए हैं। बांग्लादेश में हिदुओं की हत्या से यही स्पष्ट हो रहा है कि वहां चुन-चुनकर हिदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। हिदुओं की हत्याओं का सिलसिला कायम रहने के बाद भी वहां की अंतरिम सरकार न्यूनतम गंभीरता का परिचय देने से इन्कार कर रही है। नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार हिदुओं की हत्याओं को या तो सांप्रदायिक हिसा मानने से इन्कार कर दे रही है या फिर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की खोखली बातें करके कर्तव्य की इतिश्री कर ले रही है। वह कुछ घटनाओं को आपसी रंजिश या दुर्घटना भी बता दे रही है। उसे यह आभास होना चाहिए कि अराजक माहौल आपसी रंजिश भुनाने का जरिया बनता है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि हिदुओं की हत्याओं के मामले तो सामने आ जाते हैं, लेकिन उनके घर जलाने, जमीन कब्जाने और उनकी महिलाओं से छेड़छाड़ करने की घटनाएं दबी ही रह जाती हैं। बांग्लादेश में हिदुओं के खिलाफ माहौल कितना विषाक्त हो गया है, इसे इससे समझा जा सकता है कि वहां हिदू अधिकारियों-कर्मचारियों को लांछित किया जा रहा है और हिदू नेताओं को चुनाव में भाग लेने से रोकने की भी कोशिश की जा रही है। यह सब इसीलिए हो रहा है, क्योंकि वे कट्टरपंथी ताकतें अंतरिम सरकार के संरक्षण में हैं, जो भारत विरोध के लिए जानी जाती हैं। हिदुओं को प्रताड़ित करने के लिए वहां उनके और भारत के खिलाफ सुनियोजित अफवाहें भी फैलाई जा रही हैं। यह एक अफवाह ही थी कि छात्र नेता उस्मान हादी को गोली मारने वाला भारत भाग गया है। बांग्लादेश सरकार ने सब कुछ जानते हुए भी इस झूठ पर लगाम लगाने की कोशिश नहीं की। उसकी पोल तब खुली जब उस्मान हादी के हत्यारोपित के दुबई में होने की सूचना आई। बांग्लादेश सरकार यह अच्छी तरह जान रही है कि हिदुओं को लगातार निशाना बनाए जाने से भारत में लोग उद्वेलित हो रहे हैं लेकिन वह हालात सामान्य करने के लिए कोई कदम उठाने के बजाय संबंधों को बिगाड़ने वाले काम कर रही है। बांग्लादेश के हालात बिगड़ने के साथ यह भी दिख रहा है कि वहां की अंतरिम सरकार भारत से संबंध सुधारने के बजाय बिगाड़ने पर आमादा है। उसे न तो अपने यहां के हिदुओं की हत्याओं की कोई परवाह है और न ही भारत विरोधी तत्वों के बेलगाम होते जाने की। वह इन तत्वों पर लगाम लगाने के बजाय उन्हें शह ही अधिक दे रही है। बांग्लादेश में जो हालात हैं, वे हमारी भूलों की भी देन हैं। ऐसी ही भूल हमने कश्मीर को हड़पने की कोशिश करने वाले पाकिस्तान के मामले में भी की थी।

### खेती का समय ...

कुमार कृष्णन

## आदिवासियों के प्रकृति पूजन का उत्सव है सोहराय

सोहराय पर्व आदिवासियों का प्रमुख पर्व है। पांच दिनों तक चलने वाले इस पर्व का संबंध सृष्टि की उत्पत्ति से जुड़ा हुआ है। आदिवासी समाज के इस महान पर्व को लेकर झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा आदि राज्यों में बहुत पहले से तैयारी प्रारंभ हो जाती है।जनजातीय समाज में इस पर्व का बेहद महत्व है। जनजातीय समाज इस पर्व को उत्सव की तरह मनाता है। आदिवासी समाज की संस्कृति काफी रोचक है। शांत चित्त स्वभाव के लिए जाना जाने वाला आदिवासी समुदाय मूलतः प्रकृति पूजक है। ये पर्व कई नामों से प्रचलित है, संथाल समाज इसे हाथी लिकन (हाथी के समान) कहते हैं। सोहराय प्रत्येक वर्ष जनवरी माह के दूसरे सप्ताल यानी प्रत्येक पौष माह में धान की फसल कटने के बाद मनाया जाता है।सोहराय पर्व ना सिर्फ प्रकृति से जुड़ा है बल्कि ये आदिवासी परंपरा में भाई बहन के अटूट प्रेम को भी दर्शाता है। ये पर्व भाई बहन के प्रेम का प्रतीक भी माना जाता है। इसे भाई बहन का भी पर्व माना जाता है। सोहराय में भाई अपने बहन अपने यहां आने का न्योता देता है।बहन अपने भाई के दिए आमंत्रण को स्वीकार करती है और उसके यहां आती है, बहन के आने के बाद काफी धूमधाम से उसका स्वागत किया जाता है। सोहराय एक सामुदायिक पर्व है, इस पर्व में समुदाय के साथ प्रकृति, कृषि और पशुपालन का महत्व को दर्शाया गया है। संताल समुदाय में प्रचलित मान्यताओं के अनुसार सोहराय पर्व का आरंभ 'चाय चाम्पा गढ़' से शुरू हुआ था। 'चाय



चाम्पा गढ़' संतालों की मूल भूमि मानी जाती है। मान्यताओं के अनुसार 'चाय चाम्पा गढ़' एक सुखी और संपन्न देश था। इस देश के राजा के पास बहुत सारे पशुधन थे। उन पशुओं में 'सुगी' नाम की एक चतुर गाय थी। वहां के सारे पशु 'कसी टंडी' नाम के विशाल गौचर भूमि पर चरते थे। एक दिन सारे पशु 'कसी टंडी' के निकट स्थित यूरनी पहाड़ के गुफा के अंदर चली गयी और वापस गांव नहीं लौटे। दिन गुजरते गये और जब पशु वापस नहीं लौटे तो राजा और सभी लोग परेशान हो गये। खेती का समय आ गया था, थक हार कर राजा ने गांव के बुजुर्गों को बुलाया। उन्होंने राजा को सलाह दिया कि जिस पशुओं के कारण उनके घरों में सुख और समृद्धि आती है। उन पशुओं के योगदान के लिए त्यौहार मना कर उन्हें सम्मान देना है। इसके बाद सभी लोगों ने स्नान कर साफ कपड़े पहने और 'गोड टंडी' यानी एक बड़े मैदान पर पहुंच कर ठाकुरजीवी को प्रसन्न करने के लिए नायकी के अगुवाई में सामूहिक रूप से पूजा पाठ किया। ठाकुरजीवी की पूजा के लिए लोगों ने मुर्गियों के अंडे लाये थे। लोगों की पूजा से ठाकुरजीवी प्रसन्न हुए और सारे पशु वापस लौट आए।

# जरा हटके

### अनौपचारिक शिक्षा ...

सीताराम गुप्ता

## शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए व्यक्ति का संतुलित विकास

शिक्षा प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है लेकिन ये जानना कि हमारी शिक्षा का उद्देश्य क्या हो शिक्षा प्राप्त करने से भी महत्त्वपूर्ण है। यदि हम शिक्षा प्राप्त करते हैं अथवा कोई डिग्री आदि लेते हैं लेकिन उससे हमें अच्छा रोज़गार नहीं मिल पाता अथवा हममें व्यवसाय आदि करने की योग्यता व क्षमता उत्पन्न नहीं हो पाती तो वो शिक्षा बेकार है। साथ ही यदि शिक्षा हमारे व्यक्तित्व के विकास में सहायक नहीं हो पाती है तो भी ऐसी शिक्षा को उपयोगी नहीं माना जा सकता। अधूरी है ऐसी शिक्षा जो बहुआयामी न हो। मनुष्य के जीवन में संतुलन सबसे अधिक अनिवार्य है। वह आर्थिक रूप से भी सक्षम हो और साथ ही उसका व्यक्तित्व भी प्रभावशाली हो। प्रभावशाली व्यक्तित्व के अनेक आयाम हैं। इसमें बाह्य व्यक्तित्व के साथ-साथ दूसरी अच्छी आदतों का विकास भी सम्मिलित है। यदि व्यक्ति पर्याप्त धनार्जन करने में सक्षम है लेकिन उसमें उदात्त जीवन-मूल्यों का अभाव है तो उसे पूर्ण रूप से शिक्षित नहीं कहा जा सकता। बी.ए., एम.ए., बी.एस.सी., एम.एस.सी., एम.फिल., पी.एच.डी., डी.लिट. बी.टेक., एम.टेक., एम.बी.बी.एस., एम.डी. अथवा अन्य डिप्लोमा-डिग्री प्राप्त कर लेना ही शिक्षा नहीं है। इन कोर्सेज़ में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो जाना भी हमारी शैक्षिक योग्यता के स्तर को निर्धारित करने में सक्षम नहीं है। एक



अदद ख़ूबसूरत सी डिग्री प्राप्त हो जाने अथवा एक भारी-भरकम पैकेज मिल जाने से शिक्षा के उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो पाती है। शिक्षा क्या है इसके लिए शिक्षा के वास्तविक स्वरूप को समझने की आवश्यकता है। कहा गया है सा विद्या या विमुक्तये। जो हमें मुक्त करे वही विद्या अथवा शिक्षा है। मुक्ति से तात्पर्य है अज्ञान अथवा अशिक्षा से मुक्ति। नकारात्मक भावों से मुक्ति। मनुष्य का एक परम लक्ष्य होता है नकारात्मक भावों से मुक्त होकर आत्म-विकास करना। दूसरों के विकास में बाधा न बनते हुए स्वयं का विकास ही शिक्षा है। शिक्षा के लिए ज्ञान शब्द का प्रयोग भी किया जाता है। शिक्षा या विद्या की तरह ज्ञान भी विषयों अथवा पदार्थों का नहीं होता। बाह्य जगत का ज्ञान तो सूचना मात्र है। वास्तविक ज्ञान तो स्वयं के जानने को कहा गया है। जो स्वयं को जानने की दिशा में अग्रसर हो गया वही सच्चा ज्ञानी और वही सच्चा शिक्षित भी। शिक्षा वास्तव में बाह्य परिर्वतन नहीं अपितु आंतरिक परिवर्तन है। शिक्षा मनुष्य का रूपांतरण है। मनुष्य का रूपांतरण कैसे संभव है इसके लिए महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन की एक वास्तविक घटना देखिए। महात्मा ज्योतिबा फुले एक महान समाज-सुधारक और निर्भीक व्यक्ति थे। उन्होंने न केवल अपनी पत्नी सावित्रीबाई को पढ़ाया-लिखाया अपितु स्त्रियों के लिए पाठशाला भी खोली। समाज के कुछ लोगों को यह स्वीकार नहीं था। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले की हत्या करने के लिए कुछ लोगों को तैयार कर लिया। दो व्यक्ति महात्मा ज्योतिबा फुले की हत्या के उद्देश्य से उनके घर पहुँचे। महात्मा ज्योतिबा फुले के ये पूछने पर कि उनकी उससे कोई दुश्मनी नहीं है फिर भी वे क्यों उनकी जान लेना चाहते हैं तो हत्यारों ने बताया कि वो ये सब पैसे के लिए कर रहे हैं। तब महात्मा फुले ने अपनी पत्नी से कहा, ''सावित्री मेरे मरने के बाद भी शिक्षा और समाज सुधार का काम जारी रखना।'' उसके बाद महात्मा ज्योतिबा फुले ने हत्यारों से कहा कि वे मरने के लिए तैयार हैं। फिर उन्होंने हत्यारों से पूछा, ''आपके बच्चे पाठशाला तो जाते होंगे? यदि नहीं जाते तो कल ही पाठशाला में उनका नाम लिखवा देना ताकि बड़े होने पर वे कोई सही काम-धंधा कर सकें और पैसे के लिए किसी की हत्या करने की नौबत न आए। ज्योतिबा की बातों से उनका मन ही बदल गया। हत्या तो दूर वे उनके शिष्य बन गए। एक तो बाद में पढ़-लिख कर वेद-शास्त्रों का प्रकांड पंडित बन गया। महान व्यक्तियों के संपर्क में आकर, उनके श्रेष्ठ आचरण से प्रभावित होकर सही मार्ग पर अग्रसर होना ही वास्तविक शिक्षा है और इसके लिए किसी विद्यालय, विश्वविद्यालय या अन्य किसी बड़े शिक्षा संस्थान में जाने की भी ज़रूरत नहीं। इसका यह अर्थ कदापि नहीं कि हम शिक्षा संस्थानों की उपेक्षा करे अथवा पढ़ना-लिखना छोड़ दें। बेशक व्यावसायिक शिक्षा की उपेक्षा नहीं की जा सकती लेकिन येन-केन-प्रकारेण जो मात्र उदरपूर्ति अथवा केवल भौतिक समृद्धि के लिए तैयार करे वह वास्तविक शिक्षा नहीं। मनुष्य के बाह्य विकास एवं वास्तविक शिक्षा प्राप्ति के लिए साक्षरता तथा औपचारिक शिक्षा दोनों अनिवार्य है। अनौपचारिक शिक्षा तो हम बिना किसी प्रयास के भी प्राप्त करते रहते हैं लेकिन हमारी अनौपचारिक शिक्षा अवश्य ऐसी हो जो हमारे रूपांतरण में सहायक हो। इसके लिए भी हमें अपने लिए सही परिवेश, अच्छे मित्रों व सहयोगियों, अच्छी पुस्तकों तथा अच्छी आदतों के चुनाव की योग्यता विकसित करनी होगी। औपचारिक व अनौपचारिक शिक्षा में पूर्ण संतुलन उत्पन्न करके हम सही अर्थों में शिक्षित होने की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं, अपना सर्वांगीण विकास कर सकते हैं।

## कुशीनगर में लाठी-डंडों से पीटा, ईंट से सिर कूचा, लोगों पर फेंके मांस के टुकड़े

# मां-पत्नी की हत्याकर खोपड़ी का मांस खा गया

**वारदात**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कुशीनगर। कुशीनगर में एक युवक ने पत्नी और मां की हत्या कर दी। पहले दोनों को लाठी-डंडों से पीटा, फिर ईंट से सिर कुचल दिया। इसके बाद उसने दोनों की खोपड़ी का मांस निकालकर खाने लगा। जब गांववाले मौके पर पहुंचे, तो वह उन पर मांस के टुकड़े फेंकने लगा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छत पर बैठे युवक को गिरफ्तार कर लिया। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। वारदात अहिरौली थाना क्षेत्र के परसा गांव की है। आरोपी का नाम सिकंदर गुप्ता (30) है। गांव के बनवारी गुप्ता का बेटा सिकंदर गुप्ता मुंबई में शटरिंग का काम करता है। वह एक महीने पहले ही गांव लौटा था।



सिकंदर हत्यारोपी



परिवार में उसकी मां रूना देवी (60) और 4 बहनें थीं। सभी बहनों की शादी हो चुकी है। पिता की मौत हो चुकी है। सिकंदर की शादी 4 साल पहले प्रियंका (28) के साथ हुई थी। प्रियंका देवरिया के सौना लक्ष्मण गांव की रहने वाली थी। रास्ते में कुशीनगर के हाटा में वह पत्नी से मारपीट करने लगा। लोगों ने उसे डांटा तो वो पत्नी को घर लेकर आ गया। घर में उसने मां और पत्नी से मारपीट की और घर छोड़कर चला गया। गांववालों के मुताबिक, घर से झगड़ा करने के बाद सिकंदर 8 किलोमीटर दूर लक्ष्मीपुर गांव पहुंचा। वहां एक घर के बाहर शोर मचाकर दरवाजा पीटने लगा। ग्रामीणों की सूचना पर सिकंदर का साला सोनू मौके पर पहुंचा और उसे लेकर घर छोड़ा। जब पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा खोलने के लिए कहा तो सिकंदर छत पर

*गांव के लोगों ने बताया कि सिकंदर शराब और गांजा पीता था। अक्सर पत्नी और मां से मारपीट कर मार डालने की धमकी देता था। शनिवार को सिकंदर पत्नी प्रियंका को लेकर अपनी ससुराल गया था। वहां से रविवार को वह पत्नी के साथ लौट रहा था।*

### पहले पत्नी फिर मां को मारा

सोनू ने बताया- प्रियंका मेरी ममेरी बहन थी। कल ही अपने मायके से यहां आई थी। मैंने घर जाकर सिकंदर को समझाया और मारपीट न करने की हिदायत दी। इसके बाद मैं चला गया। आज सुबह 8 बजे तक कोई बात नहीं हुई थी। लेकिन, उसके बाद दोनों की हत्या की सूचना मिली। यहां आया तो पता चला कि छत पर सिकंदर ने मां और मेरी बहन को मार डाला। गांव के लोगों ने बताया कि 9 बजे के करीब पहले उसने पत्नी को सीमेंट की ईंट से मारा। जब मां बीच-बचाव करने पहुंची तो छत पर ही उनकी भी लाठी-डंडे पीटकर उसी ईंट से सिर कुचल दिया।



सिंकदर ने अपनी मां के साथ यह तस्वीर 2 साल पहले अपने वॉट्सऐप स्टेटस पर लगाई थी।

### कमाई के पैसे घर पर नहीं देता था

प्रधान पति अतुल ने बताया- वारदात के बारे में सोचकर भी डर लगता है। कोई अपनी मां और पत्नी को इस तरीके से कैसे मार सकता है। वो चार बहनों का इकलौता भाई है। उसकी बड़ी बहन बहन शीला है। उसके बाद प्रतिमा और शोभा हैं।



पुलिस और फोरेंसिक टीम छत पर पहुंची, जहां मां और पत्नी की लाश पड़ी थी।

### मेन गेट अंदर से बंद करके छत पर बैठा

मां और पत्नी को मारने से पहले ही सिकंदर ने घर का मेन गेट को अंदर से बंद लिया था, जिससे उसे कोई पकड़ न सके। हत्या करने के बाद उसने छत पर शोर मचाया और दोनों के सिर के मांस के टुकड़े खाने लगा। आसपास के लोग उसके घर के सामने पहुंचे और पकड़ना चाहा, लेकिन गेट अंदर से बंद था।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर मेरठ में विचार गोष्ठी

### स्वामी विवेकानंद के विचारों पर वक्ताओं ने रखे विचार

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मेरठ। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब द्वारा बुढ़ाना गेट स्थित इस्माइल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में "युवा नेतृत्व और विकसित भारत" विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित कर राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित करना रहा। क्लब निदेशक आयुष गोयल एवं पीयूष गोयल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए सच्चे आदर्श और मार्गदर्शक थे। उन्होंने युवाओं को देश के निर्माण की धुरी बताते हुए कहा था कि ऊर्जावान और जागरूक युवा देश की दिशा और दशा बदलने की क्षमता रखते हैं। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने अपने



संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद का मेरठ से गहरा ऐतिहासिक संबंध रहा है। वे सितंबर 1890 से जनवरी 1891 तक मेरठ में रहे और नगर निगम टाउन हॉल स्थित पुस्तकालय में योग, अध्यात्म, दर्शन और पुराण जैसे महत्वपूर्ण ग्रंथों का अध्ययन किया। उन्होंने युवाओं को अनुभव के माध्यम से निरंतर सीखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में सचिव अरुण कुमार गुप्ता ने युवाओं से आत्मविश्वास, निडरता और पूर्ण निष्ठा के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया।

**फास्ट न्यूज**

### डीवीवीएनएल के टेंडर घोटाले में 19 के खिलाफ एफआईआर

आगरा। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (DVVNL) में हुए टेंडर घोटाले में आखिरकार दोषियों के खिलाफ आगरा के थाना फतेहाबाद में FIR हो गई। विभाग के अधीक्षण अभियंता सोमवीर सिंह की ओर से 19 लोगों के खिलाफ टेंडरों में घोटाला कर जालसाजी, विभाग को आर्थिक हानि पहुंचाने का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### बसपा सुप्रीमो के बर्थडे पर जुटेंगे 4 जिलों के कार्यकर्ता

आगरा। बसपा सुप्रीमो मायावती के जन्मदिन पर बसपा अपने गढ़ में एक बार फिर से हुंकार भरेगी। 15 जनवरी को धनौली में पार्टी मुखिया मायावती का जन्मदिन मनाया जाएगा। इसमें आगरा मंडल के चारों के जिलों के कार्यकर्ता जुटेंगे। प्रोग्राम के चीफ गेस्ट होंगे वेस्ट यूपी प्रभारी विक्रम सिंह। प्रोग्राम में आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी के 25 हजार कार्यकर्ताओं को जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। 2027 में विधानसभा चुनाव होना है। इसको देखते हुए बसपा अभी से सक्रिय हो गई है।

### इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

वाराणसी। इंडिगों की गोरखपुर-बेंगलुरु फ्लाइट में एक पक्षी के टकराने (बर्ड हिट) के बाद वाराणसी एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। घटना के समय फ्लाइट में 216 पैसेंजर्स सवार थे। सभी पैसेंजर्स पूरी तरह सुरक्षित हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा कारणों से फ्लाइट को ग्राउंड कर दिया गया है। यानी उसे आगे उड़ान भरने की परमिशन नहीं है। इसके बाद फ्लाइट रद्द कर दी गई।

# ट्रेन यात्रियों के गुम हुए 170 मोबाइल फोन बरामद



**तमसा संकेत, संवाददाता**

झाँसी। जीआरपी पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए ट्रेन यात्रा के दौरान गुम हुए 170 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद किए गए इन मोबाइल फोनों की कुल कीमत लगभग 17 लाख 35 हजार रुपये आंकी गई है। लंबे समय से अपने मोबाइल खो चुके यात्रियों के लिए यह कार्रवाई किसी राहत से कम नहीं रही। जीआरपी पुलिस अधीक्षक विपुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रेल यात्रियों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के आधार पर झाँसी जीआरपी के आठ थानों की संयुक्त टीमें गठित की गई थीं। इन टीमों ने सर्विलांस यूनिट के सहयोग से मोबाइल फोनों के आईए-मईआई नंबर को ट्रैक कर कार्रवाई शुरू की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तकनीकी जांच और लगातार मॉनिटरिंग के जरिए ये मोबाइल फोन झाँसी समेत देश के विभिन्न शहरों से बरामद किए गए। कई मोबाइल दूसरे राज्यों तक पहुंच चुके थे, लेकिन सर्विलांस की मदद से उनकी लोकेशन चिन्हित कर पुलिस ने उन्हें सफलतापूर्वक रिकवर कर लिया।

## लड़की का लव अफेयर चल रहा है, योगी जी सीबीआई जांच करवा लीजिए

# कानपुर गैंगरेप के आरोपी दरोगा का लेटर वायरल

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। कानपुर में किशोरी के साथ गैंगरेप मामले में एक सप्ताह से फरार चल रहे दरोगा अमित कुमार मौर्या ने सोमवार को मुख्यमंत्री व पुलिस कमिश्नर के नाम पत्र लिख मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। पत्र में 50 हजार के इनामी दरोगा ने अपने पत्र में लिखा कि मैं पत्र अपने बयान के रूप में पेश कर रहा हूं। जिससे प्रार्थी और खाकी पर उछाले गए कीचड़ का सही जवाब जनता और यूपी पुलिस में तैनात सभी पुलिसकर्मियों तक पहुंचाया जा सके। साथ ही मामले के सही दोषियों को जनता के समक्ष लाया जा सके। 5 जनवरी 2026 को मैं रात्रि गणना के बाद प्रभारी निरीक्षक के कार्यालय में



रेप पीड़िता

गया, जहां प्रभारी निरीक्षक की ओर से 3 और 4 जनवरी की रात भीमसेन जंक्शन से तेल चोरी के मामले में पूरी जानकारी के लिए भीमसेन जंक्शन में तैनात आरपीएफ थाना प्रभारी अजय कुमार मीणा से फोन के जरिए संपर्क किया गया था। संपर्क न होने पर मुझे भीमसेन जंक्शन भेजा गया था। जहां मैं करीब 9 बजे रात के आसपास पहुंचा था। कुछ देर बाद आरपीएफ प्रभारी भी आ गए।

*"आरोपी दरोगा ने लिखा कि मैं अन्यथा कहीं नहीं गया, वापस क्षेत्र में आ गया। सुबह उठने पर पता चला कि जो लड़के रात में मिले थे, वह रेप का आरोप लगा रहे हैं। जिसकी जानकारी मैंने सचेंडी थाना प्रभारी को दी थी। पीड़ित को चौकी बुलाया गया, जो लगातार किसी सुधीर पत्रकार से बात कर रहे थे और उनके बताए अनुसार काम कर रहे थे। जिसकी रिकॉर्डिंग मैंने थाने के सीयूजी नंबर पर भेजी है।*



दरोगा अमित कुमार मौर्या का वायरल लेटर

### तेल चोरी के मामले में शिव बरन को बुलाया था

बातचीत के दौरान आरपीएफ प्रभारी की ओर से तेल चोरी करने वालों के संबंध में अपने स्तर से जांच की गई। जिसके बाद मुझे अपने स्तर पर जांच करने को कहा गया और पहले तेल चोरी में नामजद पत्रकार शिवबरन की चर्चा की गई और उससे पूछताछ करने के लिए संपर्क किया गया। शिवबरन ने फोन के जरिए संपर्क किया, जिसके बाद उसे भीमसेन जंक्शन बुलाया गया, लेकिन शिवबरन ने अकेले में जानकारी देने को कहा। जिस पर आरपीएफ प्रभारी ने कहा कि कहीं भी बुला लो, हमे जानकारी से मतलब है।

### आरपीएफ प्रभारी ने शिवबरन से 40 मिनट तक पूछताछ की

तब मैं सोना क्रासिंग से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर चंद्र हंसपुर गांव के मोड़ की तरफ गया व तुरंत मिलकर मैं और शिवबरन अपनी गाड़ी से सोना क्रासिंग पहुंचे, शिवबरन अपनी पल्सर क्रासिंग के पहले वाले दुकान बाहर खड़ी कर मेरी गाड़ी में बैठ गया। करीब 10 मिनट बाद आरपीएफ प्रभारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद शिवबरन से करीब 40 मिनट तक पूछताछ चली। जिस पर आरपीएफ प्रभारी ने कहा कि कहीं भी बुला लो, हमे जानकारी से मतलब है।

# सपा नेता की माता की पुण्यतिथि पर कम्बल वितरण

### कड़ाके की ठंड में सपा नेताओं की मानवीय पहल

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। विधानसभा क्षेत्र रामनगर के कस्बा कित्तूर में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव के नेतृत्व में समाजसेवी एवं मानवीय पहल के तहत एक भव्य कम्बल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन समाजवादी पार्टी के नेता सैयद आदिल काजमी की माता जी की पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया, जिसमें कड़ाके की ठंड को देखते हुए बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए गए। कार्यक्रम का कुशल संचालन फजल इनाम मदनी ने किया, जबकि अध्यक्षता निहाल काजमी ने की। समारोह के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप रहे। कार्यक्रम में शामिल होने से पूर्व पूर्व मंत्री अरविंद सिंह





गोप ने बदौसाराय चौराहा स्थित समाजवाद के पुरोधा, चिंतक एवं विचारक स्वर्गीय रामसेवक यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके विचारों को नमन किया। कित्तूर पहुंचने पर सैयद आदिल काजमी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव एवं सैयद रेहान काजमी ने पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप का बड़ी माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों का भी माल्यार्पण कर सम्मान किया गया।

# रिपोर्टिंग के दौरान पत्रकार के साथ पुलिस की धक्का-मुक्की

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बाराबंकी। प्राप्त जानकारी से , आर भारत के पत्रकार के साथ रिपोर्टिंग के दौरान पुलिस द्वारा की गई धक्का-मुक्की का मामला तेजी से तूल पकड़ता जा रहा है। संवेदनशील मामले की कवरेज रोकने की कोशिश और पत्रकार से अभद्र व्यवहार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पत्रकार संगठनों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय पत्रकार मौके पर अपनी ड्यूटी निभा रहे थे तभी पुलिस ने उन्हें कवरेज से हटाने का प्रयास किया और प्रतिरोध करने पर धक्का-मुक्की की। वायरल हो रहे वीडियो में पुलिस और पत्रकार के बीच तनाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है। घटना की तीखी निंदा करते हुए जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के



राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना ने कहा कि "यह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला है। पत्रकार संविधान प्रदत्त अधिकार के तहत अपना दायित्व निभा रहे थे, ऐसे में पुलिस का यह व्यवहार प्रेस की स्वतंत्रता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।" उन्होंने कहा कि यदि पत्रकारों को सच्चाई दिखाने से रोका जायेगा तो शासन-प्रशासन की जवाबदेही संदिग्ध हो जायेगी। संगठन के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. आर.सी. श्रीवास्तव ने इसे देश की पूरी मीडिया का अपमान बताते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि सरकार इस प्रकरण को गंभीरता से नहीं लेती तो संगठन आमरण अनशन जैसे कठोर कदम उठाने को बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। मेरठ की यह घटना अब केवल स्थानीय विवाद नहीं रह गई है, बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता और पुलिस के रवैये पर राष्ट्रीय बहस का विषय बन गई है।

# शारदा देवी डिग्री कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**तमसा संकेत, संवाददाता**

झांसी। राजगढ़बल्लमपुर रोड स्थित शारदा देवी डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा क्लब के तत्वावधान में यातायात सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र–छात्राओं के साथ-साथ आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित यातायात को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान एनएस-एस स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों ने यातायात नियमों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। इसमें हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य प्रयोग, ज़ेब्रा क्रॉसिंग का महत्व, निर्धारित गति सीमा का पालन, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करना जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। छात्र–छात्राओं और स्वयंसेवकों ने नारे, पोस्टर, भाषण और जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत किया। रैली के





दौरान "सुरक्षित यातायात, सुरक्षित जीवन" जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करना केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि छोटी-सी लापरवाही बड़े हादसों का कारण बन सकती है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को सड़क पर चलते समय नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा यातायात सुरक्षा का संकल्प लेकर किया गया।

## विवाद : पत्नी के सामने बेरहमी से पीटा, 4 साल की बेटी बोली- ताऊ और भईया ने पापा को मारा...

# प्रॉपर्टी विवाद में छोटे भाई की पीट- पीटकर हत्या

**तमसा संकेत, एजेंसी**

अलीगढ़। अलीगढ़ में महज चार बीघा जमीन के विवाद में बड़े भाई और उसके बेटों ने छोटे भाई की पीट–पीटकर हत्या कर दी। हमलावरों ने घर में घुसकर पत्नी के सामने ही छोटे भाई को घसीटकर कमरे से बाहर निकाला। इसके बाद बेरहमी से पीट–पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस दौरान पत्नी अपने बच्चों के साथ वहीं मौजूद थी। वो बार-बार जेठ को रोक रही थी। लेकिन वो नहीं माना। फिर अधमरी हालत में छोड़कर भागा। परिजन आनन–फानन उसे मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना बन्ना देवी पुलिस मौके पर पहुंची, पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



देवेंद्र, मृतक

### चार बीघा जमीन का विवाद

पत्नी मालती का कहना है कि परिवार के पास कुल आठ बीघा जमीन है। ससुर की मौत के बाद वारिसान के आधार पर चार बीघा जमीन सास के नाम और शेष चार बीघा जमीन दोनों बेटों के नाम हो गई थी। जेठ श्याम अपने हिस्से की जमीन पहले ही बेच चुका था और अब देवेंद्र की जमीन व बरौला स्थित मकान पर कब्जा करना चाहता था। इसी को लेकर पहले भी कई बार विवाद हो चुका था। देवेंद्र ई–रिक्शा चलाकर परिवार का पालन–पोषण करते थे।

### 4 साल की बेटी बोली- ताऊ ने पापा को मार दिया

देवेंद्र की बच्ची बोली- पापा को ताऊ न मारा था। वो चिल्ला रहे थे जोर-जोर से। फिर भी ताऊ और जीतू भईया ने पापा को तार से मारा। वो जमीन पर गिर गए थे। तो जीतू भईया ने उन्हें उठाकर फिर गिरा दिया और बार-बार तार से मारा। उनके खून निकल रहा था।

### ई- रिक्शा हटाने पर हुआ विवाद

थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों भाइयों के बीच ई-रिक्शा को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान मारपीट हुई, जिसमें देवेंद्र के सीने में गंभीर चोट आई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। फिलहाल थाना बन्ना देवी में तहरीर दर्ज कर ली गई है।

**"मालती ने बताया- तीनों ने देवेंद्र को जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से सीने पर वार किए, गला दबाया और बाद में कंटीले तारों पर डाल दिया। जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान हो गए। पत्नी ने पति को बचाने की बहुत कोशिश की, लेकिन जेठ और भतीजे ने एक न सुनी। आसपास के लोगों के सामने चीख-पुकार होती रही, लेकिन मदद के लिए कोई आगे नहीं आया। जब देवेंद्र की हालत गंभीर हो गई तो आरोपी मौके से फरार हो गए।**

# अधिवक्ता संघ झालू की नई कार्यकारिणी का गठन बलवंत सिंह को दिया पूर्ण समर्थन

### मैं हर अधिवक्ता के साथ हर सुख दुःख में खड़ा रहूंगा : बाबू बलवंत सिंह

**तमसा संकेत, संवाददाता**

झालू। झालू अधिवक्ता संघ झालू ने बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में सदस्य पद पर प्रत्याशी बाबू बलवंत सिंह एडवोकेट को पूर्ण समर्थन देते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि हर अधिवक्ता तन, मन, धन से उनके साथ है। हृदयानंद इंटर कॉलेज झालू के सभागार में आयोजित अधिवक्ता संघ झालू के शपथ ग्रहण समारोह तथा बाबू बलवंत सिंह के सम्मान समारोह में अधिवक्ताओं ने बाबू बलवंत सिंह को प्रथम वरीयता का मत देने का आह्वान करते हुए कहा कि संघ पूरी तरह बाबू बलवंत सिंह के साथ है 1 अधिवक्ताओं ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि वे अन्य अधिवक्ताओं को भी उन्हें प्रथम वरीयता का मत देने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं 1 अधिवक्ताओं ने कहा कि बाबू बलवंत सिंह हमेशा अधिवक्ताओं के हितों के लिए



संघर्षरत रहे हैं तथा इस बार भी वे निश्चित रूप से रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेंगे 1 समारोह के विशिष्ट अतिथि जिला बार एसोसिएशन बिजनौर के अध्यक्ष यशपाल सिंह एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनेश कुमार चाहल एडवोकेट व कोषाध्यक्ष अंबिका सिंह राणा एडवोकेट ने भी बाबू बलवंत सिंह को बिजनौर का गौरव बताते हुए अधिवक्ताओं से उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। समारोह के मुख्य अतिथि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चेयरमैन व वर्तमान सदस्य पद के प्रत्याशी बाबू बलवंत सिंह ने कहा कि मैं हमेशा अधिवक्ताओं के हितों के लिए संघर्षरत रहा हूं और उनके हितों के लिए कार्य करता रहा हूं और हमेशा करता रहूंगा 1 जब भी किसी अधिवक्ता साथी को मेरी जरूरत पड़ेगी, मैं उनके साथ हर सुख दुःख में हर समय खड़ा रहूंगा। समारोह में बाबू बलवंत सिंह ने झालू अधिवक्ता संघ झालू की नई कार्यकारिणी में करतार सिंह एडवोकेट को अध्यक्ष पद, इसरार अहमद एडवोकेट को उपाध्यक्ष पद, फहीम अहमद एडवोकेट को सचिव पद, हितेश अग्रवाल एडवोकेट को कोषाध्यक्ष पद तथा अनिल चौधरी एडवोकेट को मीडिया प्रभारी पद की शपथ दिलाई। वरिष्ठ अधिवक्ता साजन सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता तथा अनिल चौधरी एडवोकेट के संचालन में आयोजित समारोह में संघ की ओर से बाबू बलवंत सिंह व जिला बार असोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल सिंह एडवोकेट को सम्मान चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

## प्रियंका गांधी के जन्मदिवस पर केक काटा, कहा- हिंदुओं का कत्लेआम हो रहा

# सरकार देश में नफरत बांट रही : इमरान मसूद

**आरोप**

■ प्रियंका गांधी के जन्मदिवस पर इमरान मसूद ने केक काटकर खुशियां मनाई।



तमसा संकेत, एजेंसी

सहारनपुर। सहारनपुर में कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा- मनरेगा गरीब मजदूरों की रीढ़ थी, लेकिन मोदी सरकार ने इसे धीरे-धीरे खत्म करने का काम किया है। पहले जहां केंद्र 90 प्रतिशत और राज्य 10 प्रतिशत खर्च करता था, अब राज्यों पर 40 प्रतिशत का बोझ डाल दिया गया है। सरकार देश में नफरत बांटने का काम कर रही है। यहां हिंदुओं का कत्लेआम हो रहा है। अगर आज इंदिरा गांधी होतीं तो बांग्लादेश को वैसा ही जवाब देतीं, जैसा उन्होंने पाकिस्तान को देकर बांग्लादेश का निर्माण कराया था। दरअसल कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के जन्मदिन को आज "संकल्प दिवस" के रूप में मनाया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में इमरान मसूद ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर केक काटा। इसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं से संकल्प लेने को कहा। उन्होंने कहा- प्रियंका गांधी का जन्मदिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि संकल्प का दिन है। कांग्रेस आने वाले 100 दिनों में मंडल स्तर से लेकर गांव-गांव तक जाएगी और लोगों से सीधा संवाद करेगी। कांग्रेस को दोबारा उसी "स्वर्णिम काल" में पहुंचाने का संकल्प लिया गया है, जो पार्टी का गौरवशाली इतिहास रहा है। अपने बयान में इमरान मसूद ने कांग्रेस के 140 साल के इतिहास को भी गिनाया।

### गरीबों की कमर टूट रही

उन्होंने कहा कि अधिकतर राज्यों के पास इतना पैसा ही नहीं है कि वे मनरेगा चला सकें। नतीजा यह होगा कि यह योजना पूरी तरह दम तोड़ देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि छह-छह महीने तक मजदूरों का भुगतान बकाया रहता है, जिससे गरीबों की कमर टूट रही है। इमरान मसूद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि 2014 में मोदी ने मनरेगा को "कांग्रेस की विफलताओं का स्मारक" बताया था, लेकिन कोविड काल में उसी योजना ने करोड़ों गरीबों को सहारा दिया। अब 125 दिन में रोजगार देने की बात की जा रही है। लेकिन पैसा कहां से आएगा, यह सरकार नहीं बता रही।

**हिंदुओं का कत्लेआम हो रहा**

> "इमरान मसूद ने कहा कि अगर आज इंदिरा गांधी होतीं तो बांग्लादेश को वैसा ही जवाब देतीं, जैसा उन्होंने पाकिस्तान को देकर बांग्लादेश का निर्माण कराया था। एसआईआर और वोट कटने के मुद्दे पर भी इमरान मसूद ने बड़ा आरोप लगाया।



धर्म के मुद्दे पर बोलते हुए इमरान मसूद ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि धर्म व्यक्तिगत मामला है, लेकिन सरकार देश में नफरत बांटने का काम कर रही है। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि भारत सरकार की चुप्पी बेहद चिंताजनक है। अगर बांग्लादेश के खिलाफ सख्त कदम उठाने हैं तो सबसे पहले वहां बिजली की आपूर्ति रोकनी चाहिए। जहां हिंदुओं का कत्लेआम हो रहा है, वहां भारत सरकार डीजल देने के समझौते कर रही है।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर प्रेरक कार्यक्रम

### प्रधानाचार्य ने विवेकानंद के विचारों को बताया प्रेरणास्रोत

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा। श्री गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज, महावन, मथुरा में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मिश्र ने अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि "युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है, और विवेकानंद जी के आदर्शों को अपनाकर ही विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है।" उप प्रधानाचार्य शिवकुमार निगम ने युवाओं से आत्मविश्वास, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्काउट मास्टर विनोद कुमार शुक्ल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए युवाओं को चरित्र निर्माण, सेवा एवं नेतृत्व के गुण अपनाने की प्रेरणा दी। वहीं सहायक अध्यापक श्रीनिवास शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचार आज भी युवाओं को सही दिशा देने में सक्षम हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक संजय वर्मा, प्रशांत शर्मा, ललित शर्मा, विपिन कैलाश, टीना दीक्षित, कसक पाराशर सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**फास्ट न्यूज**

### वन विभाग की टीम पर अजगर ने किया हमला

सैदपुर, गाजीपुर। खानपुर थाना क्षेत्र के नुरूद्दीनपुर गांव में एक खेत से अजगर का रेस्क्यू किया गया। वन विभाग के कर्मचारियों ने अजगर को पकड़कर अपने साथ ले गए। गोमती नदी के तटवर्ती इलाके में नहर किनारे सरसों के खेत में अजगर मिलने की सूचना से किसानों में भय का माहौल बन गया था।

### बस ने दो युवकों को रौंदा, मौत

गाजीपुर। गाजीपुर सोमवार दोपहर डेढ़ बजे के करीब सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। यह घटना कस्बा दयालपुर के पास हुई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर तलाश जारी कर दी है। शादियाबाद थाना क्षेत्र में दयालपुर के पास एक तेज रफ्तार बस ने बाइस सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान भरतीपुर (तरवां) निवासी अजय राजभर पुत्र अनिका राजभर उम्र 30 वर्ष और इंद्रजीत राजभर पुत्र सलिराम राजभर उम्र 27 वर्ष के रूप में हुई है।

### विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न का लगाया आरोप

बिलारी। मुरादाबाद के कांठ थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने अपने पति और ससुरालवालों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में पति समेत सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2020 में अमरोहा के उझारी निवासी कासिम से हुई थी। उसके मायके वालों ने शादी में पर्याप्त दान-दहेज दिया था। विवाहिता का आरोप है।

## नवजात की मौत से परिजनों में आक्रोश मचा बवाल

### अवैध बताए जा रहे चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल पर उठे गंभीर सवाल

तमसा संकेत, संवाददाता



धामपुर। नगर के आरएसएम तिराहा स्थित चौहान चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल में भर्ती एक नवजात शिशु की उपचार के दौरान मौत हो जाने से रविवार देर रात क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही धामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए मृत नवजात का पंचनामा भरने की कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बढ़ापुर क्षेत्र के गांव सारंगवाला निवासी अरविन्द कश्यप अपने नवजात शिशु को उपचार के लिए उक्त अस्पताल में लेकर आए थे। इलाज के दौरान शिशु की हालत बिगड़ती चली गई और अंततः उसकी मृत्यु हो गई। नवजात की मौत के बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया और अस्पताल परिसर में तनावपूर्ण माहौल बन गया। मृतक नवजात की नानी श्रीमती सुनीता कश्यप ने पत्रकारों के कैमरे के सामने दिए गए वीडियो बयान में चिकित्सक पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि इलाज के नाम पर लगातार खर्च कराया गया, लेकिन शिशु की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। साथ ही रात्रि के समय आर्थिक लेनदेन से संबंधित बातचीत किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात को संभालते हुए मामले को अपने संज्ञान में लिया। पूरा प्रकरण कोतवाली धामपुर के अंतर्गत बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों और परिजनों का कहना है कि चौहान चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल बिना वैध अनुमति के संचालित बताया जा रहा है।

# गर्भवती पत्नी-ढाई साल के बेटे को मार डाला

### बांके से दोनों को काट डाला, चीख सुन लोग पहुंचे तो दरवाजा बंद किया

■ पुलिस और फोरेंसिक टीमों ने घर से सबूत जुटाए हैं।
■ पुलिस ने रात में शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।
■ पुलिस ने परिवार और गांव वालों से पूछताछ की है। सभी ने रोज लड़ाई-झगड़े की बात कही है।
■ घर के कमरे में मां-बेटे का अगल-बगल शव पड़ा था। कमरे में खून बिखरा था।




तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में पति ने गर्भवती पत्नी और ढाई साल के बेटे को बांके से काट डाला। रविवार रात 9 बजे पति शराब पीकर आया तो पत्नी ने इसका विरोध किया। इस पर दोनों में झगड़ा हो गया। गुस्से में युवक ने पत्नी के गले पर बांके से दो वार किए, फिर बेटे के सिर पर कई वार किए। इससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो उसने दरवाजा बंद कर लिया। तब लोगों ने सोचा कि रोज का झगड़ा है, थोड़ी देर में शांत हो जाएगा। इसके बाद लोग चले गए। लोगों के जाते ही आरोपी वहां से भाग गया। देर रात भाई घर पहुंचा तो दोनों के शव खून से लथपथ पड़े मिले, फिर पुलिस को बुलाया गया। फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत जुटाए। वारदात घाटमपुर कोतवाली के गोपालपुर के मजरा सर्देपुर की है। आरोपी की तलाश में तीन पुलिस टीमें लगाई गई हैं। कमरे में खून बिखरा था।

### आरोपी का मोबाइल स्विच ऑफ

DCP ने बताया- पुलिस टीमें गांव में लोगों से पूछताछ कर रही हैं। हत्या में इस्तेमाल बांका बरामद कर लिया गया है। आसपास के गांवों में लगे CCTV की फुटेज भी खंगाली जा रही है। JCP लॉ एंड ऑर्डर आशुतोष कुमार ने बताया- आरोपी सुरेंद्र का मोबाइल स्विच ऑफ है। नंबर को सर्विलांस पर लगा दिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सभी संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### शव अगल-बगल पड़े थे, कमरे में खून बिखरा था



DCP दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया- शुरुआती जांच में सामने आया है कि रविवार रात करीब 9 बजे वह शराब पीकर घर पहुंचा। इस पर पत्नी रूबी ने विरोध किया तो दोनों में झगड़ा हो गया। गुस्साए सुरेंद्र ने बांके से पत्नी के गले पर और ढाई साल के बेटे लवांश के सिर पर कई वार कर उनकी हत्या कर दी। वारदात के बाद मौके से भाग निकला। देर रात भाई पप्पू घर पहुंचा तो दोनों के शव खून से लथपथ पड़े मिले। फिर पप्पू ने ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची तो मां-बेटे के शव अगल बगल पड़े थे।

### 5 साल पहले हुई थी शादी



सर्देपुर निवासी सुरेंद्र यादव उर्फ स्वामी (35) ट्रक में खलासी का काम करता था। सुरेंद्र तीन भाइयों में सबसे छोटा था। सभी भाई अलग-अलग रहते हैं। सुरेंद्र की शादी 2021 में फतेहपुर के गौरा चुरियारा निवासी रूबी (32) से हुई थी। भाई पप्पू ने बताया- शराब की लत और रोज-रोज के झगड़े के चलते उसका परिवार बिखर गया। भाइयों में बंटवारा हो गया।

# डीएम साहिबा जिला अस्पताल की लापरवाही पर लगाओ लगाम

### इलाज बना सवाल गोली से घायल हुए युवक को 12 घंटे तक नहीं हुआ इलाज

■ बिजनौर में इलाज बना सवाल गोली से घायल हुए युवक को 12 घंटे तक नहीं हुआ इलाज।



तमसा संकेत, संवाददाता

बिजनौर। जनपद बिजनौर जिले के थाना मंडावली क्षेत्र के स्यामी वाला चौराहे पर हुई फायरिंग की घटना ने न सिर्फ कानून-व्यवस्था बल्कि स्वास्थ्य तंत्र की कार्यशैली पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। बाइक सवार दो युवकों पर अचानक हुए हमले में अज्ञात हमलावरों ने कई राउंड गोलियां चलाईं। इस हमले में युवक उस्मान के पैर में गोली जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल उस्मान को रात करीब 10 से 11 बजे के बीच जिला अस्पताल बिजनौर रेफर किया गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बावजूद घायल युवक को तत्काल वह इलाज नहीं मिला, जिसकी हालत मांग कर रही थी। बताया जा रहा है कि रात 11 बजे से लेकर अगले दिन सुबह 11 बजे तक डॉक्टरों ने गोली निकालने के लिए कोई ऑपरेशन नहीं किया। इस दौरान घायल दर्द से तड़पता रहा, लेकिन इलाज में देरी होती रही। इस तरह की स्थिति पर सुप्रीम कोर्ट पहले ही स्पष्ट निर्देश दे चुका है। परमानंद कटारा बनाम भारत सरकार (1989) मामले में शीर्ष अदालत ने कहा था कि किसी भी घायल व्यक्ति को तत्काल चिकित्सा सुविधा देना डॉक्टर का संवैधानिक और नैतिक कर्तव्य है। कोर्ट के अनुसार, पुलिस औपचारिकता, बयान या कानूनी प्रक्रिया इलाज से पहले जरूरी नहीं है। मरीज की जान बचाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि अगर किसी अस्पताल या डॉक्टर द्वारा इलाज में देरी की जाती है और इससे मरीज की हालत बिगड़ती है, तो यह गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आएगा। अब बिजनौर की इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग को कटघरे में खड़ा कर दिया है। सवाल यह नहीं है कि गोली किसने चलाई, बल्कि यह भी है कि घायल को समय पर इलाज क्यों नहीं मिला। स्थानीय लोग और सामाजिक संगठनों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

### प्रेमी के साथ भाग गई थी, हरदोई में पुलिसवाले देखते रह गए, दरोगा समेत 2 सस्पेंड

# थाने में पत्नी की गोली मारकर हत्या की

तमसा संकेत, संवाददाता




हरदोई। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां पति ने थाने परिसर में ही पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। यह सनसनीखेज वारदात पाली थाना क्षेत्र की है, जिसने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना शहर मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर स्थित थाने में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान सोनी (30) के रूप में हुई है। पुलिस ने रविवार को उसे उसके प्रेमी के साथ पकड़कर थाने लाया था। बताया जा रहा है कि सोनी पांच दिन पहले अपने प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई थी। इसकी शिकायत पति अनूप (38) ने थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने महिला को बरामद करने के बाद पति को थाने आने की सूचना दी थी। सोमवार सुबह करीब 10:45 बजे, सोनी थाने की मेस से खाना खाकर बाहर निकली ही थी कि तभी उसका पति अनूप वहां पहुंच गया। अचानक अनूप ने अपनी कमर से तमंचा निकालकर सोनी के दाहिने कंधे में गोली मार दी। गोली सीने से आर-पार हो गई और सोनी खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़ी। घटना इतनी अचानक हुई कि थाने में मौजूद पुलिसकर्मी भी कुछ पल के लिए हक्का-बक्का रह गए। इसके बाद पुलिसकर्मी दौड़कर मौके पर पहुंचे। वहीं, गोली मारने के बाद अनूप भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि सोनी और अनूप की शादी करीब 17 साल पहले हुई थी। दंपति का 12 साल का एक बेटा भी है।



### दोस्ती से शुरू हुआ विवाद

*गुरुग्राम में ही अनूप की मुलाकात शाहजहांपुर निवासी सुरजीत से हुई, जिससे उसकी दोस्ती हो गई। धीरे-धीरे सुरजीत का उनके घर आना-जाना बढ़ गया। इसी दौरान सोनी और सुरजीत के बीच नजदीकियां बढ़ीं और दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गया। दोनों फोन पर लगातार बातचीत करने लगे।करीब एक साल पहले अनूप अपनी पत्नी को लेकर गांव लौट आया, लेकिन इसके बावजूद सोनी और सुरजीत के बीच बातचीत जारी रही। इसी बीच पांच दिन पहले सोनी प्रेमी के साथ घर से चली गई।*

### एसपी ने लिया संज्ञान, दो पुलिसकर्मी सस्पेंड

थाने के भीतर हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले को गंभीर लापरवाही मानते हुए एसपी ने तत्काल कार्रवाई की। इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर दरोगा विक्रांत और महिला सिपाही संजना राजपूत को सस्पेंड कर दिया गया। साथ ही, पूरे मामले की जांच अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) को सौंपी गई है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### लखनऊ बनेगा ...

सीएम योगी यह बात लखनऊ में AI इम्पैक्ट समिट में बोले। उन्होंने सोमवार को होटल द सेंट्रम में समिट का उद्घाटन किया। समिट में सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ ही केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री अजीत पाल भी पहुंचे। जितिन प्रसाद ने कहा है कि AI के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सबसे आगे होगा।डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा- स्वास्थ्य सेवाओं में हम लगातार AI और टेक्नोलॉजी का उपयोग करके सेवाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। पहले शासन की योजनाओं का लाभ बुजुर्ग नहीं ले पाते थे। हमने डिजिटल ट्रांजेक्शन शुरू किया और आज वृद्धा पेंशन और अन्य पेंशन उन तक सीधे पहुंच रही है। जन-धन अकाउंट के माध्यम से आज लोग बैंकों से जुड़े हैं। अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का विश्वास सरकार के लिए मजबूत होता है तो अच्छा लगता है। तकनीक आपके काम को आसान कर देता है। दुनिया में आबादी बढ़ रही है तो अलग-अलग चुनौतियां भी सामने आएंगी। 25 करोड़ लोग इस राज्य में निवास करते हैं। हमने स्वास्थ सेवाओं में बड़े बदलाव किए। तकनीकी के आधार पर आधारित स्वास्थ्य सेवाएं आज हम लोगों को दे रहे हैं। बड़ी प्रसन्नता की बात है कि दिल्ली के बाद आज उत्तर प्रदेश में यह कार्यक्रम किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश का ग्रोथ इंजन तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में भारत तेजी से बढ़ रहा है। भारत में इको सिस्टम, टेक्नोलॉजी सेमी कलेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा है। गांव-गांव तक नेटवर्क कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ी है। इसके साथ हमारे साथ चुनौती साइबर ठगों से है जिसके लिए केंद्र सरकार सख्त कदम उठा रही है। किसी प्रकार की गलत खबरों को फैलाने पर हम बड़ी कार्रवाई करेंगे। इसके लिए हम काम कर रहे हैं। बिहार चुनाव और अन्य प्रदेशों में जिस तरह का रिजल्ट जनता दे रही है इससे यह साफ पता चलता है कि जनता विकास चाहती है। टेक्नोलॉजी इम्पैक्ट समिट अगले महीने होने जा रहा है। यह हमारे देश के लिए गर्व की बात है। विश्व में भारत का डंका बज रहा है। AI टेक्नोलॉजी को बेहतर बनाने के लिए हम तमाम कार्य कर रहे हैं। भारत AI टेक्नोलॉजी का हब बनने के रास्ते पर तेजी से बढ़ रहा है। जब तक ग्रामीण जनता को AI टेक्नोलॉजी का लाभ न मिले तब तक हम अपने काम की कामयाबी नहीं मानते हैं। उत्तर प्रदेश राज्य के अस्पतालों में हम एक रुपए के पर्चे पर सुविधाएं दे रहे हैं। अल्ट्रासाउंड की समस्या बड़ी थी। बहनें प्रेग्नेंसी के दौरान अल्ट्रासाउंड के लिए परेशान होती थीं। आज कहीं भी अल्ट्रासाउंड बहनें करा रही हैं, इसका खर्चा सरकार दे रही है। प्रतिदिन हम बड़ी संख्या में आपरेशन करते हैं। टेक्नोलॉजी में हमने अभूतपूर्व विकास किया है। आज आयुष्मान कार्ड बनाने में उत्तर प्रदेश सबसे आगे हैं। हमने 14 करोड़ से ज्यादा लोगों के डिजिटल आईडी बनाया है जिससे उनके स्वास्थ की जानकारी हम लेते हैं। AI सेक्टर से हमें और गति मिलेंगी। AI और टेक्नोलॉजी उत्तर प्रदेश से शुरू हो, ऐसा मुख्यमंत्री जी का मानना है।

### 5 आईएएस अपर ...

इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है। पत्र के जरिये बताया गया कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की ओर से जारी आदेश के अनुसार, संबंधित अधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नियत वेतनमान 2,25,000 रुपये (सातवें वेतन आयोग के अंतर्गत संशोधित पे-मैट्रिक्स लेवल-17) में प्रोन्नत करते हुए अपर मुख्य सचिव का पदनाम प्रदान कर दिया गया है। इसके अलावा तीन अन्य आईएएस अधिकारियों को प्रोफार्मा पदोन्नति दी गई है। इसमें भुवनेश कुमार, मृत्युंजय कुमार नारायण और संतोष कुमार यादव का नाम शामिल है। ये सभी अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर है। वहीं ये प्रोन्नति शासन की प्रशासनिक व्यवस्था को और ज्यादा सुदृढ व प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### वाराणसी की दालमंडी ...

बनारस घराने के मशहूर तबलावादक लक्ष्मी नारायण सिंह यानी लच्छू महाराज का भी यहां से गहरा नाता था। बुलडोजर स्टार्ट होने के बाद बारजे तक गया, लेकिन मकान मालिक के विरोध के बाद उसे रोक दिया गया। बताया जा रहा है कि माखन के मकान की रजिस्ट्री हो चुकी है और मुआवजा भी मिल चुका है। लेकिन, अभी तक मकान को खाली नहीं किया गया है। नई सड़क में दो मंजिला मकान गिराने के बुलडोजर एक्शन जारी रहा। इस दौरान खिड़कियां तोड़ी गईं। लेकिन बिजली के तार बार-बार दिक्कत कर रहे थे। अभी कुछ देर के लिए बुलडोजर एक्शन रोक दिया गया। मकान के सामने के बिजली तार हटाए जा रहे हैं। वहां की लाइट काट दी गई है। मकान मालिक अचानक नीचे उतरे और पुलिस से उनकी नोकझोंक होने लगी। हालांकि पुलिस ने माइक से एनाउंस करके उन्हें पीछे हटवाया। एसीपी अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया- नई सड़क पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। मकान मालिक ने खुद पहले हथौड़ा चलाया है। इसके बाद प्रशासन तोड़ने का काम कर रहा है। ट्रैफिक प्रभावित न हो इसे देखते हुए बैरिकेडिंग भी की गई है। डायवर्जन प्वाइंट भी बनाया गया है। VDA ने इस मकान को चिह्नित किया था। दालमंडी में कार्रवाई के दौरान काफी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। इस दौरान एसडीएम सिटी आलोक वर्मा, एसीपी अतुल अंजान ने मोर्चा संभाला। उन्होंने सभी को बैरिकेडिंग से पीछे रहने के लिए कहा।

### भारत से जरूरी कोई ...

लेकिन दोनों देश इसे पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं। सर्जियो गोर ने कहा कि ट्रेड भारत-अमेरिका रिश्तों का अहम हिस्सा है, लेकिन सहयोग केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। दोनों देश सुरक्षा, काउंटर-टेररिज्म, ऊर्जा, टेक्नोलॉजी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी मिलकर काम कर रहे हैं। जनवरी 2025 में राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प ने अगस्त में गोर को भारत का राजदूत चुना था। माना जा रहा है कि गोर भारत में अमेरिका फर्स्ट एजेंडे को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। गोर ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ट्रम्प के लिए फंड जुटाने में भी बड़ी भूमिका निभाई। वे ट्रम्प के खास माने जाते हैं उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के कट्टर समर्थक हैं। गोर व्हाइट हाउस में नियुक्तियों की जांच-परख में भी शामिल रहे हैं। उन्हें ट्रम्प की टीम में पर्दे के पीछे सबसे ताकतवर शख्सियतों में से एक माना जाता है। गोर, ट्रम्प के बेटे ट्रम्प जूनियर के दोस्त हैं। दोनों ने मिलकर 'विनिंग टीम पब्लिशिंग' नाम की कंपनी शुरू की थी, जो ट्रम्प की किताबें प्रकाशित करती है। इस कंपनी की किताबें महंगी मानी जाती है। सबसे सस्ती किताब की कीमत भी करीब 6500 रुपए है। इसी कंपनी के जरिए ट्रम्प ने अब तक तीन किताबें छपवाई हैं, जिनमें एक किताब में उनकी वह मशहूर तस्वीर है जब पेनसिल्वेनिया में रैली के दौरान उन पर जानलेवा हमला हुआ था और खून से लथपथ हालत में उन्होंने मुट्ठी बांधकर ताकत दिखाने वाला पोज दिया था। ट्रम्प ने राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद ग्रीनलैंड पर कब्जा करने वाला बयान दिया था। इसके बाद जनवरी में उनके बेटे जूनियर ट्रम्प (बीच में) ग्रीनलैंड के दौरे पर गए थे। तब ये यात्रा काफी चर्चा में रही थी। इसमें उनके साथ सर्जियो गोर (बाएं) भी थे। ट्रम्प ने राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद ग्रीनलैंड पर कब्जा करने वाला बयान दिया था। इसके बाद जनवरी में उनके बेटे जूनियर ट्रम्प (बीच में) ग्रीनलैंड के दौरे पर गए थे। तब ये यात्रा काफी चर्चा में रही थी। इसमें उनके साथ सर्जियो गोर (बाएं) भी थे। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प ने गोर को प्रेसिडेंसियल पर्सनल ऑफिस का डायरेक्टर बनाया था। यह पद बहुत ताकतवर माना जाता है, क्योंकि इसके जरिए यह तय होता है कि सरकार में कौन-कौन लोग अहम पदों पर आएंगे। इस बार ट्रम्प ने सबसे ज्यादा ध्यान खुद में निष्ठा रखने वाले शख्स को चुनने पर दिया। दरअसल, पिछले टर्म में ट्रम्प की टीम में कई ऐसे लोग आ गए थे जो उनके हिसाब से वफादार नहीं थे।

## पुरुष वर्ग में रेलवे का दबदबा, डिप्टी सीएम ने दी विजेताओं को ट्रॉफी

# केरल की बेटियों ने जीता नेशनल वॉलीबाल टूर्नामेंट


विजेता ट्राफी के साथ केरल की महिला वर्ग की टीम। दोनों डिप्टी सीएम ने ट्राफी देकर किया सम्मानित।

**वाराणसी, एजेंसी**

वाराणसी के सिगरा स्टेडियम में 72वीं नेशनल वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। इस दौरान महिला वर्ग में केरल ने और पुरुष वर्ग में रेलवे ने खिताब अपने नाम किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने उत्तर प्रदेश वॉलीबाल संघ के प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के साथ विजेताओं को ट्राफी दी। महिला वर्ग में केरल ने कड़े मुकाबले में रेलवे को हराया। वहीं रेलवे ने केरल को पुरुष वर्ग में लगातार तीन सेटों में



हराकर ट्राफी और नकद पुरस्कार जीत लिया। दोनों डिप्टी सीएम ने टीमों के उज्जवल भविष्य की कामना की और आयोजकों को शुभकामनाएं दी सिगरा स्टेडियम के इंडोर कोर्ट पर रविवार को आयोजित 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबाल चैंपियनशिप का महिला फाइनल ऐतिहासिक बन गया।

### अंतिम सेट में रेलवे को किया परास्त

केरल की बेटियों ने अंतिम सेट में खेल का पैरामीटर बदल दिया और केरल के दमदार स्मैश और डिफेंस के आगे रेलवे बेबस दिखी। केरल ने 15-8 से सेट जीतकर चैंपियनशिप की ट्रॉफी उठा ली। केरल की इस खिताबी सफलता के पीछे टीम की एकजुटता और रणनीतिक कौशल का बड़ा हाथ रहा। टीम की जीत की मुख्य सूत्रधार रहीं अनुश्री; उन्होंने अपनी कलाई के जादू और आक्रामक स्मैश से रेलवे के डिफेंस को पस्त कर दिया।

### केरल की बेटियों ने रेलवे को रौंदा

दिन का पहला फाइनल मैच लड़कियों का खेला गया। पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करने वाली केरल की टीम ने निर्णायक सेट में रेलवे को कोई मौका नहीं दिया। मुकाबले की शुरुआत रेलवे के पक्ष में रही।



### अंत में बिखर गया रेलवे का तालमेल

भारतीय रेलवे जैसी मजबूत टीम का फाइनल में हारना खेल प्रेमियों के लिए चौंकाने वाला रहा।

# दिल्ली कैपिटल्स डब्ल्यूपीएल में लगातार दूसरा मैच हारी

## गुजरात ने 4 रन से हराया, डिवाइन ने 42 गेंद पर 95 रन बनाए

**नवी मुंबई, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स को विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) के चौथे सीजन में लगातार दूसरी हार झेलनी पड़ी है। उसे रविवार को गुजरात जायंट्स ने 4 रन के करीबी अंतर से हराया। DY पाटील स्टेडियम में 210 रन का टारगेट चेज कर रही दिल्ली 20 ओवर में 5 विकेट पर 205 रन ही बना सकी। लौरा वोलवार्ट ने 77 रन बनाए। लिजेल ली ने 86 रन की पारी खेली। सोफी डिवाइन और राजेश्वरी गायकवाड ने 2-2 विकेट झटके। गुजरात जायंट्स ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 209 रन बनाए। जोकि टीम का हाईएस्ट स्कोर है। ओपनर सोफी डिवाइन ने महज 42 गेंद पर 95 रन बनाए। कप्तान एश्ले गार्डनर



ने 49 रन बनाए। दिल्ली से नंदनी शर्मा ने हैट्रिक समेत 5 विकेट लिए। श्री चरणी और शिनेल हेनरी को 2-2 विकेट मिले। मैच के आखिरी ओवर में दिल्ली को 7 रन की जरूरत थी। लौरा वोलवार्ट और जेमिमा रॉड्रिग्ज क्रीज पर थीं। इसके बावजूद टीम 7 रन नहीं बना सकी। सोफी डिवाइन ने इसे ओवर में दो विकेट झटके। 18वें ओवर में लौरा वोलवार्ट ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने एश्ले गार्डनर के ओवर में 3 चौके लगाए और अर्धशतक पूरा किया। 16वें ओवर की आखिरी बॉल पर दिल्ली ने 150 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। जेमिमा रॉड्रिग्ज ने राजेश्वरी गायकवाड की आखिरी बॉल पर चौका लगाकर टीम को 150 रन तक पहुंचाया। 16वें ओवर में दिल्ली ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर शिनेल हेनरी (7 रन) को राजेश्वरी गायकवाड ने एश्ले गार्डनर के हाथों कैच कराया। गायकवाड ने शेफाली वर्मा (14 रन) को भी आउट किया। 15वें ओवर में दिल्ली का दूसरा विकेट गिरा। यहां पर लिजेल ली 86 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें काशवी गौतम ने कैच आउट कराया। 12वें ओवर में दिल्ली कैपिटल्स ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है।

# टी-20 वर्ल्डकप : बांग्लादेश के मैच पाकिस्तान में कराने की पेशकश

## पीसीबी ने आईसीसी से संपर्क किया, बांग्लादेश भारत में खेलने से मना कर चुका है

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने 2026 टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के मैच पाकिस्तान में आयोजित कराने की पेशकश इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) के सामने रखी है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट जियो न्यूज के अनुसार, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत में खेलने से इनकार कर दिया है और अपने मैच श्रीलंका में कराने की मांग की है। इसके बाद PCB ने ICC को सूचित किया कि यदि श्रीलंका में मैच कराना संभव नहीं हो पाता है, तो पाकिस्तान अपने स्टेडियम बांग्लादेश के मैचों के लिए उपलब्ध करा सकता है। हालांकि, इस पूरे मामले पर अब तक न तो PCB और न ही ICC



की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी किया गया है। 16 दिसंबर को हुए IPL मिनी ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) ने बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। इसके बाद बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या की घटनाओं को लेकर भारत में मुस्तफिजुर के खिलाफ विरोध शुरू हो गया। अब तक वहां छह हिंदुओं की हत्या की जा चुकी है। इसके बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने मुस्तफिजुर को IPL खेलने की अनुमति नहीं दी, जिसके चलते 3 जनवरी को KKR ने उन्हें टीम से रिलीज कर दिया। KKR द्वारा मुस्तफिजुर को रिलीज किए जाने के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड और वहां की सरकार ने IPL के प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके साथ ही बांग्लादेश ने भारत में टी-20 वर्ल्ड कप के मैच खेलने से भी इनकार कर दिया और वेन्यू बदलने की मांग को लेकर ICC को ई-मेल भेजा। टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश को ग्रुप-सी में रखा गया है। टीम 7 फरवरी को वेस्टइंडीज, 9 फरवरी को इटली और 14 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला करेगी। ये तीनों मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेले जाने हैं। इसके अलावा, बांग्लादेश का आखिरी ग्रुप स्टेज मैच 17 फरवरी को मुंबई में नेपाल के खिलाफ निर्धारित है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में चोटिल हुए थे सुंदर, दूसरा वनडे 14 जनवरी को

# सुंदर वनडे सीरीज से बाहर, बडोनी को मौका


वॉशिंगटन सुंदर ने नाबाद 7 रन बनाए और केएल राहुल के साथ मिलकर 16 गेंदों में 27 रनों की अहम साझेदारी की।

राहुल ने आगे कहा कि जब वॉशिंगटन बल्लेबाजी करने आए, तब टीम पहले से ही अच्छे रन रेट से खेल रही थी, इसलिए उन पर ज्यादा दबाव नहीं था। उन्होंने स्ट्राइक रोटेट की और अपना काम बखूबी निभाया। वॉशिंगटन सुंदर ने नाबाद 7 रन बनाए और केएल राहुल के साथ मिलकर 16 गेंदों में 27 रनों की अहम साझेदारी की।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह आयुष बडोनी को टीम में शामिल किया गया है। बडोनी को पहली बार वनडे स्क्वॉड में जगह मिली है। वह राजकोट में टीम से जुड़ेंगे, जहां दूसरा वनडे मैच 14 जनवरी को खेला जाना है। सुंदर को रविवार को वडोदरा में खेले गए पहले मुकाबले के दौरान पसली में चोट लग गई थी। BCCI ने जारी बयान में बताया कि सुंदर को बाईं ओर की निचली पसली में दर्द होने लगा था। इसके बाद उन्हें आगे की जांच



(स्कैन) के लिए भेजा गया है।BCCI की मेडिकल टीम विशेषज्ञों से सलाह लेगी। 26 साल के सुंदर ने पहले वनडे में गेंदबाजी करते हुए 5 ओवर में 27 रन दिए। न्यूजीलैंड की पारी के दौरान उन्हें पसलियों में खिंचाव महसूस हुआ, जिसके बाद वे मैदान छोड़कर बाहर चले गए और फील्डिंग के लिए वापस नहीं लौटे।

### चोट के बावजूद बल्लेबाजी की

भारत की रन चेज के दौरान वॉशिंगटन सुंदर नंबर-8 पर बल्लेबाजी करने उतरे। उन्होंने नाबाद 7 रन बनाए और केएल राहुल के साथ मिलकर 16 गेंदों में 27 रनों की अहम साझेदारी की। केएल राहुल 29 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने 49 ओवर में 6 विकेट खोकर 306 रन बनाते हुए मुकाबला चार विकेट से जीत लिया।

### सुंदर इस सीरीज में चोटिल होने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी

वॉशिंगटन इस सीरीज में चोटिल होने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। इससे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी शनिवार को प्रैक्टिस के दौरान चोटिल हो गए थे। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज से ही बाहर हो गए। उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल किया गया। पंत को भी पसलियों में खिंचाव आ गया था। वहीं, सीरीज शुरू होने से पहले तिलक वर्मा भी चोटिल हो गए थे।

## मनोरंजन



## सोशल मीडिया पर अपनी अपकमिंग फिल्म टॉक्सिक का पोस्टर किया शेयर

# ब्रेकअप के दावे के बीच तारा सुतारिया की पहली पोस्ट



**मुंबई, एजेंसी**

वीर पहाड़िया से ब्रेकअप की चर्चाओं के बीच तारा सुतारिया ने सोमवार को सोशल मीडिया पर अपना पहला पोस्ट शेयर किया है। तारा ने एक्टर यश के साथ उनकी अपकमिंग फिल्म टॉक्सिक से जुड़ा एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने फिल्म का पोस्टर शेयर किया और बताया कि इसके टीजर को 24 घंटे में सभी प्लेटफॉर्म पर कुल मिलाकर 20 करोड़ से ज्यादा व्यूज मिले हैं। पोस्टर में लाल रंग का बैकग्राउंड है। इसमें यश

*तारा और वीर की डेटिंग की शुरुआत साल 2025 की शुरुआत में हुई थी। दोनों को कई बार निजी जगहों पर साथ देखा गया था। इसके बाद उनके रिश्ते को लेकर चर्चाएं तेज हो गई थीं। मार्च 2025 में दोनों ने एक फैशन इवेंट में साथ शिरकत की थी। इसके अलावा गणेश चतुर्थी के मौके पर भी दोनों साथ नजर आए थे।*



हाथ में राइफल पकड़े नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर, शनिवार को वीर को मुंबई के कलिना एयरपोर्ट पर देखा गया।

### तारा और वीर दोनों चर्चा में थे

हाल ही में तारा और वीर दोनों चर्चा में थे। दरअसल, दिसंबर 2025 के अंत में मुंबई में हुए एपी ढिल्लों के एक कॉन्सर्ट का एक वीडियो वायरल हुआ था। तारा और एपी ने कॉन्सर्ट में साथ परफॉर्म किया।

### वीर ने भी किया था दावा खारिज

वहीं, वीर पहाड़िया ने भी वायरल वीडियो को लेकर सफाई दी थी। उन्होंने कहा था कि वीडियो में जो रिएक्शन दिखाया गया है, वह उस गाने 'थोड़ी सी दारू' के दौरान का नहीं था। वीर के मुताबिक, उनका रिएक्शन किसी और गाने के दौरान का था, जिसे गलत तरीके से एडिट कर वायरल किया गया। उन्होंने इन दावों को भ्रामक और गलत बताया था। ब्रेकअप की अफवाहों के बीच तारा सुतारिया का यह लेटेस्ट पोस्ट साफ संकेत देता है।

# आरजे महवश को डेट नहीं कर रहे क्रिकेटर युजवेंद्र चहल

## कहा- हम सिर्फ दोस्त, धनश्री से तलाक पर बोले- खुश रहे

**मुंबई, एजेंसी**

क्रिकेटर युजवेंद्र चहल लंबे समय से आरजे महवश से डेटिंग की खबरें से सुर्खियों में हैं, हालांकि अब क्रिकेटर ने साफ किया है कि वो सिंगल हैं और आरजे महवश उनकी दोस्त हैं। इसके अलावा युजवेंद्र चहल ने पूर्व पत्नी और एक्ट्रेस धनश्री वर्मा से तलाक पर भी बात की है। तलाक पर बात करते हुए युजवेंद्र चहल ने हाल ही में मेशेबल इंडिया के इंटरव्यू में कहा है, 'वो मेरी जिंदगी का एक चैप्टर था, जो अब खत्म हो चुका है। मैं उस चीज से निकल चुका हूं। मैं उस बारे में बात कर उस जगह में फंसा नहीं



रहना चाहता। मैं इसमें अटका नहीं रहना चाहता। मेरी अपनी जिंदगी चल रही है, उनकी (धनश्री की) अपनी जिंदगी चल रही है। वो अपनी लाइफ में खुश रहे, हम अपनी लाइफ में खुश हैं। खुश रहो, किसी को दुखी कर क्या मिलता है जिंदगी में। कोर्ट से बाहर आकर ही सब खत्म हो गया था।' इंटरव्यू के दौरान युजवेंद्र चहल ने डेटिंग रूमर्स पर भी बात की है। उनसे जब आरजे महवश के साथ वायरल हुईं वीडियोज पर सवाल किया गया, तो जवाब में उन्होंने कहा, 'दोस्त वगैरह घूमते हैं, तो वीडियो आ जाता है। दोस्त है, कोई रिलेशनशिप नहीं है। हैप्पी सिंगल।' बता दें कि क्रिकेटर युजवेंद्र चहल का नाम लगातार आरजे महवश से जोड़ा जा रहा है। दोनों को कई मौकों पर साथ डिनर करते और स्टेडियम में मैच एंजॉय करते देखा जा चुका है। बीते साल कपिल शर्मा के शो में भी आरजे महवश से रिलेशनशिप का हिंट दिया था। शो में कृष्णा अभिषेक ने लड़कियों की तरह तैयार होकर और युजवेंद्र की जमकर खिंचाई की थी।

# हरियाणा के कर्नल की पत्नी से मिले एक्टर वरुण धवन

## बॉर्डर-2 में होशियार सिंह का रोल कर रहे

**पंचकूला।** फिल्म बॉर्डर-2 में परमवीर चक्र से सम्मानित हरियाणा के सोनीपत के दिवंगत कर्नल होशियार सिंह की भूमिका निभा रहे बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन ने कर्नल की पत्नी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान वरुण ने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया और दोनों ने फिल्म के बारे में बातचीत की वरुण फिल्म बॉर्डर-2 के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म में वह कर्नल होशियार सिंह दहिया की भूमिका निभा रहे हैं, जिन्होंने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में पराक्रम दिखाया। इसके लिए उन्हें परमवीर चक्र (पीवीसी) से सम्मानित किया गया था। इस फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कर्नल होशियार सिंह दहिया की पत्नी धन्नो देवी वरुण को आशीर्वाद देती और मुस्कुराते हुए उनकी



तारीफ करती नजर आ रही हैं। धन्नो देवी को इस इवेंट में विशेष रूप से बुलाया गया था। उन्होंने कहा, ₹तुमने बहुत बढ़िया किया है। बहुत बढ़िया, शाबाश! फिल्म बहुत अच्छी चलेगी।₹ वरुण झुके और धन्यवाद कहा। 22 सेकेंड के इस वीडियो में वरुण धवन हाथ जोड़कर खड़े नजर आए। यह वीडियो 10 जनवरी को वरुण ने ही अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर लगाया था। हालांकि, यह वीडियो कब और कहां का है, इसकी जानकारी उन्होंने नहीं दी। बॉर्डर-2 गणतंत्र दिवस से पहले 23 जनवरी को रिलीज होगी।

## फोन कर दी बधाई और इंस्टाग्राम स्टोरी में एक्ट्रेस की एक्टिंग की तारीफ की

# फिल्म हक देखकर यामी गौतम की फैन हुईं आलिया

**मुंबई, एजेंसी**

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'हक' देखने के बाद इसकी लीड एक्ट्रेस यामी गौतम की दमदार अदाकारी की खुलकर सराहना की है। आलिया ने न सिर्फ यामी को निजी तौर पर फोन कर अपनी राय साझा की, बल्कि सोशल मीडिया पर भी पोस्ट कर उनके अभिनय की जमकर तारीफ की। आलिया के इस रिएक्शन के बाद फिल्म 'हक' को लेकर दर्शकों के बीच चर्चा और तेज हो गई है। आलिया भट्ट ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट शेयर करते हुए यामी गौतम को "क्वीन" बताया और खुद को उनका फैन



कहा। आलिया ने लिखा, "क्वीन यामी गौतम, आप 'हक' में कमाल हैं। आपकी एक्टिंग में सच्चाई, दिल और क्लास साफ दिखाई देती है। यह अब तक की मेरी सबसे पसंदीदा महिला परफॉर्मेंस में से एक है। जैसा कि मैंने आपको फोन पर भी कहा, मैं आपकी फैन हूं और आपके आने वाले काम का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।" आलिया भट्ट की इस तारीफ पर यामी गौतम ने भी दिल से प्रतिक्रिया दी।

### 1985 के शाह बानो केस पर आधारित है फिल्म

फिल्म 'हक' साल 1985 के ऐतिहासिक शाह बानो केस पर आधारित है, जो भारत में महिलाओं के अधिकारों और समानता से जुड़ा एक बेहद अहम कानूनी फैसला माना जाता है। फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह एक महिला अपने अधिकारों के लिए समाज और व्यवस्था से लड़ती है। फिल्म 'हक' 7 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

> यामी गौतम ने फिल्म में शाजिया बानो का किरदार निभाया है, जिसे दर्शकों और समीक्षकों दोनों से जबरदस्त सराहना मिल रही है। वहीं अभिनेता इमरान हाशमी फिल्म में एक वकील की भूमिका में नजर आए हैं। इसके अलावा फिल्म में शीबा चड्ढा, दानिश हुसैन और असीम हट्टंगडी जैसे दमदार कलाकार भी अहम भूमिकाओं में शामिल हैं।

### सेलेब्स की तारीफों की लिस्ट में शामिल हुईं आलिया

आलिया भट्ट से पहले भी कई सेलेब्स फिल्म 'हक' और यामी गौतम की एक्टिंग की तारीफ कर चुके हैं। अभिनेत्री कियारा आडवाणी और अभिनेता संजय कपूर भी सोशल मीडिया के जरिए फिल्म को सराहना दे चुके हैं।



## सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जनवरी 2026 से पद संभालने का जिक्र

# ट्रम्प ने खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति बताया

**जानकारी**

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने खुद को वेनेजुएला का एक्टिंग प्रेसिडेंट बताया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट की है। इसमें ट्रम्प की तस्वीर के साथ एक्टिंग प्रेसिडेंट ऑफ वेनेजुएला ( वेनेजुएला का अंतरिम राष्ट्रपति) लिखा है। पोस्ट में जनवरी 2026 से पद संभालने का जिक्र है। इसके अलावा ट्रम्प ने खुद को अमेरिका के 45वें और 47वें राष्ट्रपति के तौर पर



भी दिखाया है। पोस्ट को लेकर व्हाइट हाउस या अमेरिकी प्रशासन की ओर से कोई औपचारिक बयान सामने नहीं आया है। इससे पहले 2 जनवरी को अमेरिका ने वेनेजुएला के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को हिरासत में लेकर न्यूयॉर्क लाया गया।

### अमेरिकी हमले में वेनेजुएला के 100 सैनिकों की मौत हुई थी

व्हाइट हाउस की ओर से इस बात पर कोई रिस्पांस नहीं दिया गया कि प्रेस सेक्रेटरी की तरफ से शेयर इस पोस्ट को सरकारी पुष्टि माना जाए या नहीं। वहीं, वेनेजुएला के गृह मंत्रालय ने कहा है कि 3 जनवरी को हुई इस कार्रवाई में करीब 100 सुरक्षा कर्मियों की मौत हुई थी, हालांकि यह साफ नहीं है कि इनमें से कितनी मौतें इस सीक्रेट हथियार से हुईं थीं। अमेरिका के एक पूर्व सीक्रेट अधिकारी ने कहा कि इस तरह के लक्षण डायरेक्टेड एनर्जी हथियारों से मेल खाते हैं। उनके मुताबिक, ऐसे हथियार माइक्रोवेव या लेजर जैसी एनर्जी का इस्तेमाल करते हैं और इससे दर्द, खून बहना और शरीर को शॉर्ट टर्म पैरालिसिस किया जा सकता है।

### वेनेजुएला का प्रशासन अमेरिका ही चलाएगा

डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वेनेजुएला का प्रशासन अमेरिका ही चलाएगा। यह तक चलेगा, जब तक वहां सुरक्षित सत्ता परिवर्तन नहीं हो जाता। ट्रम्प का कहना है कि वे यह जोखिम नहीं चाहते कि कोई ऐसा व्यक्ति सत्ता में आए जो वेनेजुएला के लोगों के हितों का ध्यान न रखे। मादुरो के सत्ता से हटने के बाद वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति और रोड्रिग्ज को पिछले सप्ताह देश की अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई गई थी। ट्रम्प के मुताबिक, अंतरिम सरकार अमेरिका को 3 से 5 करोड़ बैरल उच्च गुणवत्ता वाला, प्रतिबंधित तेल सौंपेगी, जिसे बाजार मूल्य पर बेचा जाएगा।

### अमेरिका तय करेगा कौन सी कंपनियां वेनेजुएला जाएंगी

ट्रम्प ने एक्सॉन मोबिल, कोनोकोफिलिप्स, शेवरॉन जैसी बड़ी अमेरिकी कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि अमेरिका तय करेगा कि कौन सी कंपनियां वेनेजुएला में जाएंगी और निवेश करेंगी। शेवरॉन के वाइस चेयरमैन मार्क नेल्सन ने कहा कि उनकी कंपनी वेनेजुएला में निवेश के लिए प्रतिबद्ध है।

> “ट्रम्प ने कहा कि तेल बिक्री से मिलने वाली राशि अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में उनके नियंत्रण में रहेगी, ताकि इसका उपयोग वेनेजुएला और अमेरिका के लोगों के हित में किया जा सके। उन्होंने ऊर्जा सचिव क्रिस राइट को इस योजना को तुरंत लागू करने के निर्देश देने की बात भी कही है। ट्रम्प ने 9 जनवरी को व्हाइट हाउस में दुनिया की बड़ी तेल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की थी।

## अमेरिका पर वेनेजुएला में सोनिक हथियार इस्तेमाल करने का आरोप

### चश्मदीद बोला- हमले के दौरान सैनिकों को खून की उल्टियां हुईं

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका पर वेनेजुएला में सोनिक हथियार इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इस ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी सेना ने एक बेहद शक्तिशाली और अब तक न देखे गए हथियार का इस्तेमाल किया, जिससे वेनेजुएला के सैनिक पूरी तरह बेबस हो गए थे। एक वेनेजुएलाई सिक्योरिटी गार्ड ने कहा कि ऑपरेशन शुरू होते ही उनके सभी रडार सिस्टम अचानक बंद हो गए। इसके कुछ ही सेकेंड बाद उन्होंने आसमान में बड़ी संख्या में ड्रोन उड़ते देखे। गार्ड के मुताबिक, उन्हें समझ ही नहीं आया कि इस हालात में क्या किया जाए। गार्ड ने आगे दावा किया कि ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी सेना ने एक सीक्रेट इक्विपमेंट का इस्तेमाल किया। यह किसी बहुत तेज आवाज या तरंग (साउंड वेब)



जैसा था। इसके तुरंत बाद उसे ऐसा महसूस हुआ जैसे उसका सिर अंदर से फट रहा हो। कई सैनिकों की नाक से खून बहने लगा और कुछ को खून की उल्टियां हुईं। सभी सैनिक जमीन पर गिर पड़े और कोई भी खड़ा होने की हालत में नहीं था। गार्ड ने कहा कि वह नहीं जानता कि यह कोई सोनिक हथियार था या कुछ और। इस कार्रवाई के एक चश्मदीद का बयान शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर सामने आया, जिसे व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने शेयर किया।

**फास्ट न्यूज**

### लव मैरिज न कराने पर मां की हत्या

यमुनानगर। हरियाणा के यमुनानगर में श्यामपुर गांव के सरपंच की पत्नी का शव मिलने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। महिला की हत्या उसके बेटे ने ही की थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए DSP आशीष चौधरी ने बताया कि परिवार को बिना बताए बेटा 2 साल बाद 18 दिसंबर को गुपचुप इंग्लैंड से लौटा। फिर छुपा रहा और 24 दिसंबर को आरोपी बेटे ने पशुओं को चारा डालने आई अपनी मां पर पहले डंडे से वार किए।

### आज जारी होंगे दिसंबर रिटेल महंगाई के आंकड़े

नई दिल्ली। आज यानी 12 जनवरी को दिसंबर महीने के रिटेल महंगाई (CPI) के आंकड़े जारी होंगे। एक्सपर्ट्स के अनुसार दिसंबर 2025 में खुदरा महंगाई बढ़कर 1.6% से 1.7% के बीच रहने की संभावना है। इससे पहले नवंबर में ये 0.71% पर थी। वहीं अक्टूबर में ये 0.25% पर थी, जो 14 साल में सबसे कम स्तर रहा था। अक्टूबर में रिटेल महंगाई 0.25% के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई थी। इसका कारण खाने-पीने की चीजों की कीमतों में कमी थी। ये वर्तमान CPI सीरीज में अब तक की सबसे कम महंगाई थी।

### इंस्टाग्राम के 1.75 करोड़ यूजर्स का डेटा लीक

नई दिल्ली। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के 1.75 करोड़ से ज्यादा यूजर्स का पर्सनल डेटा लीक हो गया है। ये जानकारी साइबर क्रिमिनल्स के हाथ लग गई है। एंटीवायरस सॉफ्टवेयर फर्म मालवेयरबाइट्स की रिपोर्ट के मुताबिक लीक डेटा में यूजरनेम, घर का पता, फोन नंबर, ईमेल एड्रेस जैसी चीजें शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि ये डेटा डार्क वेब पर बिक रहा है।

## जैश के पास हजारों फिदायीन, आतंकी मसूद अजहर का दावा

### वायरल ऑडियो क्लिप में बोला- जैश की ताकत सामने आई तो शोर मच जाएगा

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर के नाम से एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस ऑडियो में मसूद अजहर कथित तौर पर दावा करता है कि जैश के पास हमले करने के लिए हजारों आत्मघाती हमलावर तैयार हैं। हालांकि, इस ऑडियो की तारीख और इसकी सच्चाई की पुष्टि नहीं हो पाई है। ऑडियो में मसूद अजहर यह कहते हुए सुनाई देता है कि उसके संगठन में सिर्फ एक-दो, सौ या हजार लोग नहीं हैं। वो दावा करता है कि अगर असली संख्या बता दी गई, तो शोर मच जाएगा। वो यह भी कहता है कि उसके लड़ाके किसी पैसे, वीजा या निजी फायदे के लिए नहीं लड़ते, बल्कि सिर्फ शहादत चाहते हैं। पाकिस्तानी आतंकी मसूद अजहर 2001 में भारत की संसद पर हुए



हमले का मास्टरमाइंड है। इसके अलावा भी उसने भारत में कई आतंकी हमलों को अंजाम दिया है। मसूद 2016 में हुए पठानकोट हमले का भी मास्टरमाइंड है। इस मामले में दिल्ली पुलिस की चार्जशीट के मुताबिक, मसूद ने भारत पर हमलों के लिए जैश-ए-मोहम्मद के कैडर का इस्तेमाल किया था। उसने 2005 में अयोध्या में राम जन्मभूमि और 2019 में पुलवामा में CRPF के जवानों पर भी हमला करवाया था। इसके अलावा मसूद 2016 में उरी हमले और अफगानिस्तान के मजार-ए-शरीफ में भारतीय कॉन्सुलेट पर अटैक का भी जिम्मेदार है।

## कई लोगों को कुचला, ईरान हिंसा में करीब 550 मौतें, ट्रम्प बोले- कड़े एक्शन ले सकते हैं

# ईरान विरोधी रैली में घुसा ट्रक

**तेहरान, एजेंसी**

अमेरिका में ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के दौरान एक ट्रक रैली में घुस गया। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने ट्रक ड्राइवर पर हमला करने की कोशिश की। घटना रविवार दोपहर लॉस एंजिलिस में हुई, जहां सैकड़ों लोग ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के समर्थन में मार्च कर रहे थे। घटना में कितने लोग घायल हुए हैं, यह साफ नहीं है। ईरान में बीते दो हफ्तों से सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। ईरान की ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी (HRANA) के मुताबिक, अब तक 544 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, 10,681 लोगों को हिरासत में लिया गया है।



ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने प्रदर्शनकारियों पर पुलिसवालों को मारने और जिंदा जलाने का आरोप लगाया है। अराघची ने इसे इजराइली की खुफिया एजेंसी मोसाद की साजिश बताया। कालीबाफ ने ईरान की सुरक्षा एजेंसियों की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने हालात में मजबूती से काम किया है। प्रदर्शनकारियों को चेतावनी दी कि गिरफ्तार किए गए लोगों से सबसे सख्त तरीके से निपटा जाएगा और उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी।

> “ट्रम्प ने बताया कि ईरान ने अमेरिका से संपर्क कर बातचीत का प्रस्ताव रखा है। बैठक तय करने को लेकर बातचीत चल रही है। हालांकि, हालात को देखते हुए उन्हें पहले कार्रवाई करनी पड़ सकती है, क्योंकि मौतों की संख्या बढ़ती जा रही है और गिरफ्तारियां जारी हैं।

### ईरान में भारतीयों की गिरफ्तारी की खबर झूठी

ईरान में प्रदर्शनों के बीच भारतीय नागरिकों की गिरफ्तारी की खबरों को ईरान ने खारिज कर दिया है। भारत में ईरान के राजदूत ने साफ कहा कि सोशल मीडिया पर चल रही यह जानकारी पूरी तरह गलत है। प्रदर्शनों के बीच ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागर गालीबाफ ने रविवार को कहा कि अगर अमेरिका ने हमला किया तो इलाके में मौजूद सभी अमेरिकी मिलिट्री बेस, शिप्स और इजरायल हमारे टारगेट पर होंगे।



### ट्रम्प बोले- ईरान रेड लाइन क्रॉस कर रहा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान सरकार प्रदर्शनों को रोकने के लिए रेड लाइन पार कर रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका 'कड़े विकल्पों' पर विचार कर रहा है। पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि ईरान में प्रदर्शनकारियों के साथ जो हो रहा है, उस पर अमेरिका की नजर है। जब उनसे पूछा गया कि क्या ईरान रेड लाइन पार कर चुका है, तो उन्होंने कहा, “ऐसा लग रहा है कि वे ऐसा करने लगे हैं।” राजदूत मोहम्मद फथाली ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर बयान जारी कर कहा कि कुछ विदेशी अकाउंट्स द्वारा ईरान के हालात को लेकर फैलाई जा रही खबरें भ्रामक हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी भारतीय नागरिक की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## जेल में बंद थे, अस्पताल में दम तोड़ा, परिवार ने लापरवाही का आरोप लगाया

# बांग्लादेश में हिंदू सिंगर की इलाज न मिलने से मौत

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश में जेल में बंद एक हिंदू सिंगर की पर्याप्त इलाज न मिलने से मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रोलय चाकी के रूप में हुई है। परिवार ने आरोप लगाया है कि जेल में रहते हुए उन्हें समय पर और पर्याप्त इलाज नहीं मिला। चाकी ने रविवार रात (11 जनवरी) करीब 9 बजे राजशाही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ा। वह पाबना जिला जेल में बंद थे और शुक्रवार को तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराए गए थे। जेल प्रशासन के मुताबिक, शुक्रवार सुबह प्रोलय चाकी को दिल का दौरा पड़ा था। इसके बाद उन्हें पहले पाबना जनरल अस्पताल ले जाया



गया और बाद में बेहतर इलाज के लिए राजशाही मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया, जहां रविवार रात उनकी मौत हो गई। प्रोलय चाकी बांग्लादेश की अवामी लीग के जिला स्तरीय सांस्कृतिक सचिव थे। उन्हें 16 दिसंबर 2025 को उनके घर से गिरफ्तार किया गया था। जेल सूत्रों के मुताबिक, उनकी गिरफ्तारी की मुख्य वजह अवामी लीग जुड़ा होना था। अवामी लीग पर फिलहाल बांग्लादेश में प्रतिबंध लगा हुआ है।

> “सानी चाकी का आरोप है कि जब उनके पिता को पाबना जनरल अस्पताल ले जाया गया, तब वहां हृदय रोग से जुड़े इलाज की सुविधाएं नहीं थीं। इसके बावजूद उन्हें वहीं रखा गया, फिर वापस जेल भेजा गया और बाद में राजशाही ले जाया गया, जिससे उनकी हालत और बिगड़ गई।



### अधिकारी बोले- इलाज में देरी नहीं हुई

पाबना जिला जेल के सुपरिटेंडेंट मोहम्मद ओमर फारुक ने बताया कि प्रोलय चाकी पहले से ही डायबिटीज समेत कई बीमारियों से पीड़ित थे। उनके मुताबिक, तबीयत बिगड़ते ही इलाज की प्रक्रिया शुरू की गई थी और किसी तरह की देरी नहीं हुई। मृतक के बेटे और म्यूजिक डायरेक्टर सानी चाकी ने जेल प्रशासन के दावों को खारिज किया है। हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग और आंखों की गंभीर समस्या थी।

# चांदी की कीमत एक दिन में ₹14 हजार बढ़ी

## सोना ₹2,883 बढ़कर ₹1.40 लाख/10ग्राम बिक रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोने-चांदी के दाम आज (12 जनवरी) ऑल टाइम हाई पर हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 2,883 रुपए बढ़कर 1,40,005 रुपए पहुंच गया है। कल यह 1,37,122 रुपए/10g पर था। इससे पहले 29 दिसंबर 2025 को सोने की कीमत 1,38,161 रुपए प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 14,475 रुपए बढ़कर 2,57,283 रुपए पर आ गई है। कल इसकी कीमत 2,42,808 रुपए किलो थी। इससे पहले 7 जनवरी को चांदी की कीमत 2,48,000 रुपए प्रति किलोग्राम के



ऑल टाइम हाई पर थी। IBJA की सोने की कीमतों में 3% GST, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल RBI सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। पिछले साल यानी 2025 में सोने की कीमत 57,033 रुपए (75%) बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1,33,195 रुपए हो गया। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,44,403 रुपए (167%) बढ़ा। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो इस साल के आखिरी दिन 2,30,420 रुपए प्रति किलो हो गई। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि चांदी की डिमांड में अभी तेजी है जिसके आगे भी बने रहने का अनुमान है। ऐसे में चांदी इस साल 2.75 लाख तक जा सकती है। वहीं अगर सोने के बात करें तो इसकी डिमांड में भी तेजी बनी हुई।

**ऐलान : मुकेश अंबानी बोले- गुजरात में ₹7 लाख करोड़ निवेश करेंगे, जामनगर में देश का सबसे बड़ा एआई डेटा सेंटर बनेगा**

# जियो अपना एआई प्लेटफॉर्म लॉन्च करेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कांफ्रेंस में पांच बड़े ऐलान किए हैं। अंबानी ने कहा है कि जल्द ही जियो का पिपल-फर्स्ट AI प्लेटफॉर्म लॉन्च होगा, जो गुजरात से शुरू होकर हर नागरिक को अपनी भाषा में AI सर्विस देगा। इसके साथ ही रिलायंस अगले पांच साल में गुजरात में 7 लाख करोड़ का निवेश करेंगे। उन्होंने कहा कि जामनगर में भारत का सबसे बड़ा AI-रेडी डेटा सेंटर बनेगा। अंबानी ने क्लीन एनर्जी और ग्रीन मटेरियल्स में गुजरात को ग्लोबल लीडर बनाने की बात भी कही है। रिलायंस गुजरात की सबसे बड़ी निवेशक कंपनी है। मुकेश अंबानी



ने बताया कि पिछले पांच साल में 3.5 लाख करोड़ से ज्यादा निवेश किया गया। अब अगले पांच साल में इसे दोगुना कर 7 लाख करोड़ करेंगे। ये निवेश गुजरात के विकास को तेज करेगा। आपके विजन ने अगले 50 सालों के लिए भारत की दिशा तय कर दी है। जामनगर पहले हाइड्रोकार्बन एनर्जी एक्सपोर्ट करता था, अब ग्रीन एनर्जी और मटेरियल्स का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर बनेगा। कच्छ को ग्लोबल क्लीन एनर्जी हब बनाएंगे। मल्टी-गीगावॉट सोलर प्रोजेक्ट से राउंड-द-क्लॉक क्लीन पावर मिलेगी।

### हर नागरिक को अपनी भाषा में एआई सर्विस मिलेगी

मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो भारत का पहला पिपल-फर्स्ट AI प्लेटफॉर्म लॉन्च करेगी, जो भारत में बना है, ये प्लेटफॉर्म गुजरात से शुरू होगा। हर नागरिक को अपनी भाषा में, अपने डिवाइस पर रोजाना AI सर्विस मिलेगी, इससे लोग काम ज्यादा कुशलता और तेजी से कर पाएंगे। वहीं जामनगर में भारत का सबसे बड़ा AI-रेडी डेटा सेंटर बन रहा है, जिसका मकसद हर भारतीय को सस्ता AI उपलब्ध कराना है।

### जामनगर से ग्रीन एनर्जी एक्सपोर्ट, कच्छ हब बनेगा

अंबानी ने क्लीन एनर्जी और ग्रीन मटेरियल्स में गुजरात को ग्लोबल लीडर बनाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा जामनगर में दुनिया का सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी इकोसिस्टम बन रहा है। सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल और मैरीटाइम फ्यूल शामिल हैं।

> “अंबानी ने कहा कि गुजरात रिलायंस के लिए सिर्फ लोकेशन नहीं, बल्कि बॉडी, हार्ट और सोल है। कंपनी गुजराती है और गुजरात के विकास में योगदान देगी। भारत में इतना आत्मविश्वास पहले कभी नहीं देखा' मुकेश अंबानी ने कार्यक्रम में मौजूद पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा, स्वतंत्र भारत के इतिहास में हमने इतनी उम्मीद, इतना आत्मविश्वास और इतनी जीवंतता कभी नहीं देखी, जितनी अब देख रहे हैं।

# सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से 700 अंक चढ़ा

## 83,600 पर कारोबार कर रहा

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार में हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार 12 जनवरी को गिरावट के बाद रिकवरी देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 700 अंक की गिरावट के अब रिकवर होकर 83,600 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी दिन के निचले स्तर से 200 अंक की बढ़त है। यह 25,700 के स्तर पर ट्रेड कर रहा है। आज के कारोबार में ऑटो, मीडिया और फार्मा शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दिखने को मिल रही है। निफ्टी के ऑटो सेक्टर 1.01% की गिरावट है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट और 13 में तेजी है। भारत कोकिंग कोल का आईपीओ का दूसरा दिन मेनलाइन सेगमेंट में 'भारत कोकिंग कोल' (BCCL) का आईपीओ में अप्लाई करने का



आज दूसरा दिन है। कंपनी ने इसका प्राइस बैंड 21 से 23 प्रति शेयर तय किया है। निवेशक कम से कम 600 शेयरों के एक लॉट के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए ऊपरी स्तर पर 13,800 निवेश करने होंगे। यह इश्यू 13 जनवरी तक खुला रहेगा। भारतीय शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार 9 जनवरी को गिरावट रही। सेंसेक्स 605 अंक या 0.72% की गिरावट के साथ 83,5576 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 193 अंक (0.75%) की गिरावट रही।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96